P372

आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650

सांध्य

# दैनिक इंदौर संकेत



राष्ट्रपिता को नमन...

dainikindoresanket24@gmail.com | इंदौर, शनिवार 23 अगस्त 2025 | ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 244 ■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

2 भैयाजी जोशी इंदौर में लेंगे बैठक
5 श्रेयस को एकदिवसीय कप्तान बना सकती है बीसीसीआई
6 अब प्रदेश में भी लगे वोट चोरी के आरोप




इंदौर। आज शनैचरी अमावस्या है... शहर के सभी शनि मंदिरों पर विशेष पूजा-अर्चना, हवन-यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है।

चित्र : उषा नगर स्थित गजासीन शनि मंदिर का।

# सराफा चौपाटी का स्वाद, विवाद से हुआ बेस्वाद

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● करीब 80 साल पहले इंदौर के राजवाड़ा से सटे सराफा बाजार में शुरू हुई सराफा चौपाटी पूरी दुनिया में अपने स्वाद के लिए प्रसिद्ध है, लेकिन अब धीरे- धीरे यह चौपाटी न सिर्फ अपनी मूल तासीर को छोड़कर बेस्वाद होती जा रही है, बल्कि विवादों में भी आ गई है। सराफा बाजार को लेकर एक नगर निगम की रिपोर्ट में कहा गया है कि यह बारूद के ढेर पर बैठी है और किसी तरह की अनहोनी में यहां बड़ा नुकसान हो सकता है, वहीं सोना चांदी व्यापारी और रात में तमाम व्यंजनों की दुकानें लगाने वालों के बीच इस जगह को लेकर विवाद शुरू हो गया है।



हाल ही में सराफा में सोना चांदी के व्यापारी और कई तरह के व्यंजन की दुकानें लगाने वाले दुकानदारों के बीच विवाद शुरू हो गया है। सराफा व्यापारियों का कहना है कि रात में चौपाटी लगाने वाले दुकानदार शाम 7 बजे ही आने लग जाते हैं और उनकी जेवर की दुकानों के आगे दुकानें लगाते हैं और रोकने पर विवाद करते हैं। उन्होंने यहां की 80 परंपरागत खाद्य पदार्थों की दुकानों को ही चौपाटी पर लगाने देने की बात कही है। शेष दुकानों को कहीं ओर शिफ्ट करने के लिए प्रशासन से मांग की है। दअरसल, कई दशकों यह परंपरा है कि दिनभर सराफा व्यापारी दुकाने लगाते हैं और शाम को जब वे दुकानें बंद करते हैं तो उन दुकानों के आगे चौपाटी वाले दुकानें लगाते हैं जो रातभर चलती हैं। अब दोनों व्यापारी वर्ग में इसे लेकर कलेश हो गया है।

विदित है कि गत माह में गठित एक नगर निगम दल की जांच में यह निष्कर्ष निकला कि सराफा चौपाटी बारूद के ढेर पर बैठी है, क्योंकि यह चौपाटी खुले में लगती है और यहां संकरी गलियों में गैस भट्टियों का बगैर किसी सुरक्षा और सतर्कता के इस्तेमाल होता है। कई दुकानों में तो हाथों हाथ व्यंजन बनाए जाते हैं। वहीं दूसरी तरफ सराफा में सोना-चांदी का काम होता है और उसमें तेजाब की जरूरत होती है, ज्वेलरी बनाने में गैस का भी इस्तेमाल होता है। ऐसे में इन संकरी गलियां में किसी तरह की अनहोनी पर न तो फायर ब्रिगेड के वाहनों पहुंच पाएंगे और न ही किसी तरह का रेस्क्यू ऑपरेशन सफलतापूर्वक चलाया जा सकता है। ऐसे में आम लोगों के साथ ही सभी तरह के व्यापारियों की सुरक्षा को लेकर बडा सवाल बना हुआ है।

गौरतलब है कि इंदौर की सराफा चौपाटी अपने परंपरागत व्यंजनों के लिए प्रसिद्ध है। इसमें गुलाब जामुन, मालपुए, रसगुल्ले, नमकीन, मावे की मिठाइयां, भुट्टे का किस, गराड़ू, दहीबड़ा, जलेगी, रबड़ी, कलाकंद, शिकंजी, हॉट डॉग और चाट आदि शामिल हैं। लेकिन पिछले कुछ साल में यहां चाइनीज आयटम जैसे नुडल्स, मंचुरियन, पित्जा, बर्गर, मोमोज, पास्ता ने जगह हथिया ली है, इससे इंदौर का मूल स्वाद और तासीर गायब हो गए हैं। दरअसल, वर्तमान में सराफा चाट चौपाटी पर ऐसी दुकानें लगने लगी हैं, जिनका मालवा के मूल व्यंजनों के कोई सरोकार नहीं है। ऐसे में यहां का स्वाद लगातार बेस्वाद होता जा रहा है।

## ब्रेकिंग न्यूज

- रक्षा मंत्री सिंह कल जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करेंगे
- पटना में बड़ा सड़क हादसा- ऑटो और हाइवा की टक्कर में 8 की मौत, 5 घायल
- आजमगढ़ में एक लाख का इनामी बदमाश शंकर कनौजिया एसटीएफ के साथ मुठभेड़ में ढेर
- चमोली : थराली कस्बे में देर रात बादल फटने की घटना
- पत्नी सुनीता के साथ तलाक की खबरों के बीच गोविंदा थाईलैंड रवाना हुए
- भारत में अपना पहला आफिस खोलेगा Open AI, सैम अगले माह करेंगे दौरा
- रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सरोव शहर में परमाणु अनुसंधान केंद्र का दौरा किया
- मुझे उम्मीद है कि ट्रंप के नेतृत्व में रूस-अमेरिका संबंध सुधरेंगे- पुतिन
- नियाग्रा फॉल्स से लौट रही बस का न्यूयॉर्क में एक्सीडेंट, कई लोगों की मौत
- यमन से इजरायल में दागे गए मिसाइल
- भारत सरकार ने TikTok को अनब्लॉक करने का नहीं जारी किया है कोई आदेश

### जीएसटी में बड़ा धमाका

# सीमेंट, कार, टीवी व एसी होंगे सस्ते!

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● महंगाई की मार से परेशान आम जनता के लिए मोदी सरकार ने एक बड़ी खुशखबरी दी है। जीएसटी 2.0 के तहत टैक्स स्लैब में भारी बदलाव की तैयारी चल रही है, जिससे आपकी जेब को बड़ी राहत मिलने वाली है। सरकार मौजूदा चार टैक्स स्लैब (5, 12, 18, 28 प्रतिशत) को खत्म करके सिर्फ दो स्लैब - 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत - लाने की योजना बना रही है। इस नए फैसले से रोजमर्रा की जरूरतों से लेकर आपके सपनों तक, सब कुछ सस्ता होने वाला है। लेकिन इस बदलाव से कुछ लोग फायदे में रहेंगे, तो कुछ को नुकसान भी हो सकता है।

मोदी सरकार जीएसटी को और सरल बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाने जा रही है। अभी जो चार टैक्स स्लैब हैं, उन्हें खत्म करके सिर्फ दो स्लैब लाने की योजना है। इसका मतलब है कि 5 और 18 प्रतिशत के टैक्स स्लैब में ज्यादातर सामान और सेवाएं आ जाएंगी। इससे कार, एसी, टीवी, सीमेंट जैसे जरूरी सामान सस्ते हो सकते हैं। सरकार का मकसद है कि टैक्स सिस्टम को आसान बनाकर आम आदमी की जिंदगी को और सुविधाजनक बनाया जाए। इस बदलाव से न सिर्फ उपभोक्ताओं को फायदा होगा, बल्कि बिजनेस करना भी आसान हो जाएगा। इस नए जीएसटी ढांचे से रोजमर्रा की चीजें सस्ती होने की उम्मीद है। जैसे, अगर आप नई कार खरीदने का प्लान बना रहे हैं या घर में नया एसी लगवाने की सोच रहे हैं, तो अब आपके सपने हकीकत में बदल सकते हैं। सीमेंट और बिल्डिंग मटेरियल सस्ता होने से घर बनवाना या रेनोवेशन भी अब जेब पर भारी नहीं पड़ेगा। साथ ही, इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे टीवी और फ्रिज जैसी चीजों की कीमतों में भी कमी आ सकती है। इससे मध्यम वर्ग और निम्न आय वर्ग के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी, जो महंगाई की मार से सबसे ज्यादा परेशान हैं।




### कुछ के लिए हो सकता है नुकसान

हालांकि, यह बदलाव हर किसी के लिए फायदेमंद नहीं हो सकता। कुछ सामान और सेवाएं, जो अभी कम टैक्स स्लैब में हैं, वो 18त्न के स्लैब में जा सकते हैं। इसका मतलब है कि कुछ चीजों की कीमतें बढ़ भी सकती हैं। खासकर लक्जरी सामान या कुछ खास सेवाओं पर टैक्स बढ़ने की संभावना है। लेकिन सरकार का दावा है कि ज्यादातर जरूरी सामानों को 5 प्रतिशत के स्लैब में रखा जाएगा, ताकि आम आदमी पर बोझ न पड़े। फिर भी, इस बदलाव से कुछ सेक्टर्स को नुकसान हो सकता है, जिस पर अभी चर्चा जारी है।

### कब से लागू होगा नया जीएसटी?

अभी यह प्रस्ताव विचाराधीन है और सरकार इसे जल्द से जल्द लागू करने की योजना बना रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि जीएसटी 2.0 का यह नया ढांचा अगले कुछ महीनों में लागू हो सकता है। सरकार का लक्ष्य है कि इससे न सिर्फ महंगाई पर लगाम लगे, बल्कि अर्थव्यवस्था को भी बूस्ट मिले। इस फैसले से बिजनेस और उपभोक्ता दोनों को फायदा होगा, लेकिन कुछ चुनौतियां भी सामने आ सकती हैं।

# फिर आए विवादों में सुमित मिश्रा, उलझे पुलिसकर्मियों से

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● मध्यप्रदेश के इंदौर जिले की राजनीति इन दिनों नेताओं के बयानों और वायरल वीडियो को लेकर सुर्खियों में है। भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा एक बार फिर विवादों में आ गए हैं। हाल ही में उन्होंने इंदौर महापौर को लेकर असंसदीय टिप्पणी की थी, जिस पर बवाल मचा था। अब मिश्रा का एक और वीडियो सामने आया है, जिसमें वे पुलिसकर्मियों से बातचीत के दौरान गाली-गलौज करते दिखाई दे रहे हैं। बताया जा रहा है कि यह वीडियो किसी बातचीत में हुई गहमा-गहमी के दौरान का है।

यह वीडियो संभवत: कई दिन पुराना है, लेकिन अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो के बाहर आते ही राजनीतिक गलियारों में हलचल बढ़ गई है। विपक्ष ने इसे भाजपा की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाने का मुद्दा बना लिया है। फिलहाल पार्टी स्तर पर इस विवाद पर चुप्पी साधी हुई है, लेकिन माना जा रहा है कि वीडियो वायरल होने के बाद मामला और तूल पकड़ सकता है।

इंदौर बीजेपी नगराध्यक्ष सुमित मिश्रा का चार दिन पुराना वीडियो शुक्रवार देर रात वायरल हुआ। इसमें वह इंदौर एयरपोर्ट पर पुलिसकर्मियों से उलझते हुए और अपशब्द कहते हुए नजर आ रहे हैं। इस वीडियो के बाद कांग्रेस ने उन पर हमला किया है और इसे पार्टी की चाल, चरित्र और चेहरा बताया है।

### कांग्रेस ने वीडियो डालकर यह टिप्पणी की

**पहले** : देश का सबसे स्वच्छ शहर, इसी इंदौर शहर में नगर निगम के महापौर, महापौर के निजी जीवन और पत्नी पर अशोभनीय टिप्पणी!

**अब** : सार्वजनिक स्थान पर पुलिस से बदसलूकी, फिर धमकी, फिर आंखें दिखाकर गाली-गलौज! ये बीजेपी अध्यक्ष है या कोई सड़क-छाप नेता?

कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता अमित चौरसिया ने कहा कि, ये बीजेपी का चाल-चरित्र है। पहले महापौर पुष्यमित्र भार्गव और उनकी पत्नी पर अभद्र टिप्पणी, और अब पुलिसकर्मियों से बदसलूकी, गाली-गलौज यही बीजेपी का असली अनुशासन है। कांग्रेस ने कहा कि प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल को जवाब देना चाहिए।

# भले ही कर्मचारी नया, पर खेल वहीं पुराना

**आशीष गुप्ता (9425064357)**
**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर के जिला अधिकारी कार्यालय में कितने ही अधिकारी बदल गए लेकिन यहां के कर्मचारियों के कार्यशैली में कोई बदलाव नहीं आया। चाहे काम शिक्षकों के हितों का, प्राइवेट स्कूलों का हो,विभागीय जांच हो तो यहां के कर्मचारियों को लेकर शिकायत मिलती रहती है कि काम में टाल-मटोल बहुत किया जाता है। एक सूत्र के अनुसार यहां के कुछ कर्मचारियों ने तो अपने सेक्शन के कामों के रेट फ़िक्स कर रहें है और उसी हिसाब से




काम किया जाता है। अगर कोई शिक्षक या अन्य व्यक्ति इस सिस्टम से इनकार करता है तो उसके काम में इतनी खामियां निकाल दी जाती है कि वो इस कार्यालय के चक्कर लगाकर परेशान हो जाता है। बहरहाल ताजा मामला इंदौर जिले के कुछ शिक्षकों को क्रमोन्नति का लाभ जो वर्ष 2021 में मिलना था, उसको लेकर अभी तक कार्यवाही चल रही है। कभी न्यायालय की आड़ में, कभी प्रभारी अधिकारी की वजह से, कभी संकुल से जानकारी नहीं मिलने की आड़ लेकर और कभी इसके लिए गठित समिति की बैठक को लेकर शिक्षकों को मिलने वाले लाभों को टाला जाता रहा है। सूत्रों के अनुसार अब जब काम शुरू तो जिन शिक्षकों ने संबंधित लिपिक की सेवा कर दी उसके आदेश जारी कर दे गए और जो शिक्षक सेवा नहीं कर पाए, उनके सेवा रिकार्ड को लेकर इतनी खामियां निकाल दी गई कि उन्हें लाभ ही नहीं मिल पा रहा है। बहरहाल शिक्षकों का यही कहना है कि जिस कर्मचारी के पास यह काम है वह अभी हाल में ही डीईओ ऑफिस में पदस्थ हुआ और आते ही उक्त कर्मचारी ने कार्यालय के रंग-ढंग को अपने में समाहित कर लिया।

## डीईओ डॉ. शांतास्वामी भार्गव से सीधी बातचीत

● **प्रश्न** : आपके कार्यालय में एक लिपिक द्वारा शिक्षकों को क्रमोन्नति का लाभ देने के लिए अनधिकृत मांग की जा रही ही?

**डॉ. भार्गव** : हमारे पास कुछ शिक्षक आकर मिले थे, उन्होंने जो जानकारी दी उसकी तस्दीक कर रहे है।

● **प्रश्न** : आपकी जांच के पश्चात क्या कार्यवाही की जा सकेगी?

**डॉ. भार्गव** : इस बारे में अभी कुछ नहीं कह सकते है लेकिन जो भी होगा शिक्षकों के हित में होगा।

● **प्रश्न** : आपको नहीं लगता है कि शिक्षकों के हितों के कामों को लेकर विभाग से जुड़े कुछ समूह हमेशा से सौदेबाजी में लगा रहते हैं?



**डॉ. भार्गव** : मेरे ज्वाइन करने से पहले क्या हुआ इस बारे में हम नहीं बोल सकते हैं, लेकिन मैने आते ही सबसे पहले शिक्षकों से रिलेटेड फाइलों पर पहले काम शुरू किया।

● **प्रश्न** : डीईओ कार्यालय में बहुत समय से सेक्शन को लेकर परिवर्तन नहीं हुआ है?

**डॉ. भार्गव** : बहुत जल्द ही हम कार्यालय के कर्मचारियों के सेक्शन के बीच कार्य विभाजन कर देंगें।

● **प्रश्न** : प्राथमिक शिक्षकों के क्रमोन्नति का काम जो 2021 में होना था वो 2025 मै भी नहीं हो रहा है, लिपिक के बारे कहा जा रहा है कि जो उसकी अनधिकृत मांग को पूरी कर रहा है, उसके आदेश निकल रहे है बाकी में कमी पूर्ति निकाली जा रही है?

**डॉ. भार्गव** : मैं सभी शिक्षकों और कर्मचारियों को आपके माध्यम से कहना चाहती हूं कि मेरे कार्यालय का कोई भी कर्मचारी अगर किसी प्रकार की अनधिकृत मांग करता है तो सीधे मेरे पास आए।

### नवनिर्मित भवन की छतों में भी आई दरार

# मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट में समस्याओं से जूझ रहे रहवासी, जिम्मेदार देख रहे तमाशा





**आशीष शिंदें (96446-30000)**
**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनाए गए लाइटहाउस प्रोजेक्ट, इंदौर में रहवासी लगातार गंभीर समस्याओं से जूझ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट कहलाने वाला यह आवासीय परिसर अब लोगों के लिए सिरदर्द बन गया है।

निवासियों ने बताया कि वे अब तक 100 से 150 लिखित आवेदन नगर निगम, पार्षद, विधायक, महापौर, कलेक्टर, यहाँ तक कि मुख्यमंत्री तक भी भेज चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इस बीच गुरुवार रात को छत की पीओपी गिरते हुई सीसीटीवी में रिकार्ड होने से लोगों में भय बनाता जा रहा है। नाम गुप्त रखने पर रहवासी का कहना है, कि इस प्रोजेक्ट में 1024 फ्लेट है। और किसी न किसी फ्लेट में आये दिन यह होता रहता है। नगर निगम और केपीआर टीम आपकी लापरवाही, बेईमानी, भ्रस्टाचार, गेरजिम्मेदार रवैय्या की कीमत किसी दिन किसी निर्दोष रहवासियों को चुकाना पड़ेगी। आप किसी बड़ी अनहोनी या दुर्घटना का इंतजार कर रहे हैं?

## न्यूज इन ब्रीफ

### कई बार यूँ भी देखा हैं 24 अगस्त रविवार को



**इंदौर** ● संस्था नवरंग के कलाकारों द्वारा इंदौर प्रेस क्लब के आनंद मोहन माथुर सभागार में शाम 6.30 बजे कई बार यूँह भी देखा हैं शीर्षक पर प्रसिद्ध गायक मुकेश के गीतों पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत किया जा रहा है जिसमें गायक मुकेश बुंदेला, मोहन पारवानी,मनोज मिश्रा, डा.पारुल अग्रवाल, राखी गुरबानी एवं राजकुमार मिश्रा द्वारा सुमधुर गीत प्रस्तुत किए जाएंगे यह कार्यक्रम सभी श्रोताओं के लिए खुला रहेगा

### शॉप्सी की 'दिल से देसी' सेल में हुई जबरदस्त खरीदारी

**इंदौर** ● फ्लिपकार्ट की कंपनी शॉप्सी ने अपनी स्वतंत्रता दिवस 'दिल से देसी' सेल का सफलतापूर्वक समापन किया। इस सेल में होम फर्निशिंग और इलेक्ट्रॉनिक्स की बिक्री में जबरदस्त बढ़त दर्ज हुई। 79 रुपये से शुरू होने वाली किफायती कीमतें, देश के आठ मशहूर बाजारों से चुने गए उत्पाद और रोज़ाना के खास ऑफर्स ने शॉप्सी को त्योहारी खरीदारी का पसंदीदा गंतव्य बना दिया। भारत के लोगों ने बढ़ाई बिक्री की रफ्तार सेल में लॉन्च के बाद ऑर्डर में 16त्न से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई, जिसका मुख्य कारण शॉप्सी का प्रमुख प्रॉपर्टी, ब्लॉकबस्टर सेविंग्स फॉर भारत रहा।

### न्यायप्रिय,धर्मनिष्ठ लोकमाता अहिल्याबाई की 230 वी पुण्यतिथि मनायी



**इंदौर** ● महान शासक लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने अपने शासनकाल में न्याय और समानता को बढ़ावा दिया उन्होंने कई मंदिरों घाटों और धर्मशालाओं का निर्माण करवाया उनके शासन काल को न्यायप्रियता और धर्मनिष्ठता के लिए जाना जाता है उक्त विचार शासकीय माध्यमिक विद्यालय खुड़ैल खुर्द के वरिष्ठ शिक्षक राजेश चौहान ने दिए। कार्यक्रम का प्रारंभ लोकमाता अहिल्याबाई की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया,कार्यक्रम में संस्था के प्रभारी सुरेंद्र कुमार गौड़,रानी गंगराड़े,नीतू बाथम ने लोकमाता अहिल्याबाई की जीवन गाथा तथा उनके आदर्शों और प्रजा में लोकप्रियता को विस्तार पूर्वक बताया आभार सागर कानड़े ने माना।

### इंदौर में वेटरनरी ऑप्थेल्मोलॉजी की नेशनल कॉन्फ्रेंस

**इंदौर** ● इंसानों की तरह डॉग्स में भी डायबिटीज के मामले बढ़ते जा रहे हैं। इनमें मोतियाबिंद के जितने भी केसेस आते हैं उनमें से 50% डायबिटीज के कारण होते हैं। कुछ ब्रीड्स भी कैटेरेक्ट प्रोन होती हैं। इनमें जेनेटिक कारणों से भी समय के साथ मोतियाबिंद की समस्या दिखाई देती है। ग्लूकोमा, टिक-फीवर और कॉर्नियल अल्सर जैसे बीमारियों का सही समय पर इलाज नहीं मिलने पर तेजी से आंखों की रोशनी जाने का डर होता है। पेट्स की बीमारी में घरेलू इलाज करने के बजाए सीधे डॉक्टर से संपर्क करना ही सही होता है। यह बात लिस्बन (पुर्तगाल) से आए वेटरनरी नेत्र विशेषज्ञ डॉ. रुई ओलिवेरा ने शुक्रवार को कही। 25 साल से इस क्षेत्र में काम कर रहे ओलिवेरा यूरोप और एशिया के कई देशों में प्रैक्टिस व शिक्षण कार्य कर चुके हैं। वे वेटरनरी ऑप्थेल्मोलॉजी और मोतियाबिंद सर्जरी वर्कशॉप और नेशनल कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। यह आयोजन मायरा पेट क्लिनिक एंड सर्जरी सेंटर और यूनाइटेड स्मॉल एनिमल प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन एमपी एंड सीजी ने ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में किया है, जो तीन दिन चलेगा। इसमें प्रदेशभर से वेटरनरी सर्जन आए हैं।

### शनिश्चरी अमावस्या पर आज मंदिरों में होंगे कार्यक्रम

**इंदौर** ● शनिश्चरी अमावस्या पर आज शनि मंदिरों में भक्तों का तांता लगेगा। शनिदेव के दर्शन कर भक्त आशीर्वाद लेंगे। शहर के विभिन्न शनि मंदिरों में शनिदेव का श्रृंगार किया जाएगा। मंदिरों में सुंदर सजावट की गई है। फूल बंगला भी सजाया गया है। इंदौर के एक शनि मंदिर में शनिदेव को चांदी के चरण चिह्न भेंट और 101 प्रकार के भोग अर्पित किए जाएंगे। इंदौर के जवाहर मार्ग स्थित करीब 300 साल पुराने प्राचीनतम श्री शनिदेव मंदिर में शनिदेव का आकर्षक श्रृंगार किया जाएगा। मंदिर के पुजारी व ज्योतिषाचार्य पं.बाबूलाल जोशी व पं.कान्हा जोशी ने बताया कि 23 अगस्त, शनिवार को शनि अमावस्या पर शनिदेव को श्रृंगार में रजतमयी चांदी के चरण चिह्न भेंट व 101 प्रकार के भोग अर्पित किए जाएंगे।

# लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की पुण्यतिथि पर किया माल्यार्पण







**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● लोकमाता देवी माँ अहिल्याबाई होल्कर जी की पुण्यतिथि के अवसर पर आज राजवाड़ा स्थित उनकी प्रतिमा पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पूर्व लोकसभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, सांसद शंकर लालवानी एवं सुमित मिश्रा ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर लोकमाता को नमन किया। कार्यक्रम में विधायक गोलू शुक्ला, पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता, महापौर परिषद सदस्य निरंजन सिंह चौहान, भाजपा सचेतक कमल वाघेला, पार्षद सुश्री रूपाली पेंठारकर, श्री योगेश गेंदर, प्रशांत बडवे, महापौर प्रतिनिधि भारत परख सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी उपस्थित रहे और सभी ने माल्यार्पण कर लोकमाता को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर महापौर श्री भार्गव ने निगम की ओर से लोकमाता अहिल्या समिति को 5 लाख रुपए की अनुदान राशि का चेक भी भेंट किया।

*राष्ट्रमाता अहिल्या बाई होलकर की पुण्यतिथि के अवसर पर पार्थिव शिवलिंग का पूजन व रूद्राभिषेक,माल्यार्पण, आरती का आयोजन राजवाडा पर अहिल्या उद्यान में सम्पन्न हुआ। आयोजन में अहिल्या उद्धानपुरा पीठ के पीठाधीश्वर शंकराचार्य,श्री जगद्गुरू स्वामी जी ज्ञानानंद तीर्थ,परम पूज्य सद्गुरु श्री अण्णा महाराज जी एवं पूर्व लोकसभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा ताई महाजन जी,महापौर पुष्यमित्र भार्गव,भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, विधायक राकेश (गोलू) शुक्ला, कांग्रेस नगर अध्यक्ष चिंटू चौकसे एवं शहर के गणमान्य उपस्थित रहे।*



## वरिष्ठ पत्रकार सागर चौकसे पर हमला करने वाले बदमाश का निकाला जुलूस

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● अंग्रेजी अखबार टाइम्स ऑफ इंडिया के वरिष्ठ पत्रकार सागर चौकसे पर 12 अगस्त की रात परदेशीपुरा थाना क्षेत्र के पीछे आदर्श बिजासन नगर स्थित उनके घर के पास हमला हुआ था। घर के नीचे बने आंगनवाड़ी केंद्र में शराबखोरी कर रहे शुभम पिता प्रकाश चौकसे, कुणाल पंवार और उसके अन्य साथियों ने सागर द्वारा यहां शराब न पीने की बात कहने पर मारपीट की थी। एक बदमाश ने चाकू से हमला करने का से प्रयास भी किया था। मामले में आरोपियों पर मारपीट का केस दर्ज हुआ था। इस घटना को लेकर पत्रकारों का एक प्रतिनिधिमंडल अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर अमित सिंह से मिला था। एडीसीपी अमरेंद्र सिंह, एसीपी परदेशीपुरा हिमानी मिश्रा और टीआई परदेशीपुरा आरडी कानवा पत्रकार सागर चौकसे से मिलने उनके घर भी पहुंचे थे। शुभम चौकसे और उसके दूसरे साथी निहाल थुरिया को गिरफ्तार कर लिया था। वहीं बचकर भागने में शुभम गिरकर घायल हो गया। उसके पैर में फैक्चर हो गया। दोनों को जेल भेज दिया गया था। वहीं मामले में फरार मुख्य आरोपी कुणाल पिता मुकेश पंवार निवासी आदर्श बिजासन नगर और उसके साथी राहुल पिता सुनील राजगुरु निवासी फिरोज गांधी नगर को कल गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## रक्षा क्षेत्र में मिली नई पहचान, कलेक्टर ने आर्मी व्हीकल को झंडी दिखाकर किया रवाना

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**



**इंदौर** ● मध्य प्रदेश के इंदौर शहर को रक्षा क्षेत्र में नई पहचान मिली है। यह अत्यंत गौरव का अवसर है कि अशोक लिलेंड के सहयोग से सनातन बस बॉडी प्राइवेट लिमिटेड बरदरी ने रक्षा क्षेत्र के लिए एक सम्पूर्ण आर्मी व्हीकल (बस) का सफल निर्माण किया है।

शुक्रवार को इस रक्षा वाहन को बेंगलुरु रक्षा क्षेत्र मुख्यालय के लिए इंदौर के कलेक्टर आशीष सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर कलेक्टर सिंह ने कहा कि सनातन ग्रुप की यह उपलब्धि न केवल इंदौर के लिए बल्कि संपूर्ण मध्यप्रदेश के लिए गर्व का विषय है। इससे प्रदेश को रक्षा क्षेत्र में सहयोग की नई पहचान भी मिली है। कलेक्टर ने सनातन ऑटोमेटिक प्लांट का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्लांट में अत्यधुनिक तकनीक एवं उत्कृष्ट उत्पादन क्षमता की सराहना की। कलेक्टर सिंह का स्वागत डायरेक्टर उज्वल शर्मा और सनातन कम्पोनेंट की डायरेक्टर अनमोल शर्मा ने किया। समूह के चेयरमैन शिवनारायण शर्मा ने उन्हें प्लांट की जानकारी दी। साथ ही कलेक्टर ने सभी कर्मचारियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि किसी भी कार्य में सफलता टीम भावना पर ही निर्भर करती है। रक्षा क्षेत्र के इस कार्य की सफलता सनातन ग्रुप के सभी कर्मचारियों की सहभागिता, दृढ़ इच्छाशक्ति और कर्मठता का ही परिणाम है।

## जिम पर बवाल : बजरंग दल का आरोप हिंदू लड़कियों को फंसा रहे मुस्लिम ट्रेनर

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**




**इंदौर** ● रानीपुरा क्षेत्र में दो दिन पहले तीन मंजिला इमारत से छलांग लगाकर जान बचाने वाली आदिवासी युवती के मामले ने शहर में लव जिहाद की चर्चाओं को और गरमा दिया है। इस प्रकरण में नया खुलासा सामने आया है कि युवती की मुलाकात आरोपी जिहादी अवनीश से पलसीकर कॉलोनी स्थित "Fitness Only Gym" में हुई थी।

बजरंग दल को सूचना लगी कि यही जिम लव जिहाद का गढ़ बन चुका है, जहां आसपास के संभ्रांत परिवारों की बेटियां वर्जिश के लिए आती हैं और उन्हें पर्सनल ट्रेनिंग देने के बहाने मुस्लिम ट्रेनर उनसे नजदीकी बढ़ाते हैं। कार्यकर्ताओं के अनुसार, जिम संचालक ने जानबूझकर 5 मुस्लिम ट्रेनरों को रखा है जो हिंदू युवतियों को निशाना बना रहे हैं। मामले की जानकारी मिलते ही शनिवार को बजरंग दल के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में जिम पर पहुंचे और हंगामा कर जिम बंद कराने की मांग की। कार्यकर्ताओं ने मुस्लिम ट्रेनरों को 'लव जिहाद का प्रसाद' बताते हुए जमकर चेतावनी दी। सूचना मिलते ही जूनी इंदौर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति संभालने के बजाय पांचों मुस्लिम ट्रेनरों को पीछे के दरवाजे से सुरक्षित भगा दिया। पुलिस ने जिम संचालक को जरूरी कागजात लेकर थाने बुलाया है।

बजरंग दल रामेश्वरम जिला मंत्री अनिल पाटिल ने कहा – अब हिंदू समाज को जागना होगा। जिम और फिटनेस सेंटर के नाम पर चल रहे लव जिहाद को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हिंदू बाहुल्य क्षेत्रों में मुस्लिम ट्रेनरों की नियुक्ति पर रोक लगाने के लिए आंदोलन करेंगे और समाज में जनजागरण चलाया जाएगा। इस घटनाक्रम के बाद शहरभर में चर्चाओं का दौर तेज है। आमजन सवाल उठा रहे हैं कि आखिर पुलिस ने मुस्लिम ट्रेनरों को कार्रवाई के बजाय पीछे से भगाने का काम क्यों किया। दूसरी ओर बजरंग दल ने चेतावनी दी है कि अगर इस तरह के जिम तुरंत बंद नहीं हुए तो वे बड़े आंदोलन की राह अपनाएंगे।

**फिटनेस का ठिकाना या लव जिहाद का अड्डा?**

रानीपुरा कांड और "Fitness Only Gym" विवाद ने अब इंदौर में फिटनेस सेंटरों पर बड़ा सवालिया निशान खड़ा कर दिया है। उक्त जानकारी विहिप के प्रचार प्रसार प्रमुख देवा शर्मा ने दी

## अहिल्या पुण्यतिथि पर चलाया विशेष स्वच्छता अभियान गया



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● क्षेत्रीय पार्षद पूजा पाटीदार की उपस्थिति में ग्रीन लैंड स्कूल के स्टॉफ व विद्यार्थियों, स्थानीय रहवासियों एवं व्यापारियों द्वारा श्रमदान कर स्वच्छता जनजागरूकता रैली निकाली गयी ।

## पर्युषण महापर्व पर डेली कॉलेज में दिया जाता है जैन भोजन



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● बडे ही गर्व व प्रसन्नता की बात है कि मध्यप्रदेश के प्रतिष्ठित पब्लिक स्कूल डेली कॉलेज इंदौर में विगत चालीस वषो से जैन समाज के महापर्व पर्युषण पर्व पर जैन समाज के बच्चों को श्री मति पुष्पा पांड्या के प्रयास से पर्युषण पर्व के अवसर पर जैन विद्यार्थियों को 18 दिन शुद्ध जैन भोजन की व्यवस्था की जाती है । धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने कहा कि संध्या कालीन भोजन सूर्यास्त पूर्व दिया जाता है । इस हेतु प्रति वर्ष पलासिया जैन समाज की वरिष्ठ सदस्या विजिया पहाड़िया, मंजू अजमेरा, पुष्पा कटारिया, सोनाली जैन इंद्रा अजमेरा,सुमन जैन , पुष्पा बाकलीवाल आदि तथा अभिभावकों के साथ हर वर्ष निवेदन करने जाती हैं । इस वर्ष भी पुष्पा पांड्या और सोनाली जैन ने एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर श्री मान हर्षवर्धन सिह जी को 20 अगस्त से प्रारम्भ होने वाले श्वेताम्बर आम्नाय के तथा 28 अगस्त से 6 सितम्बर तक होने वाले दिगम्बर आम्नाय के दस लक्षण महापर्व तक विद्यार्थियों को जैन भोजन सूर्यास्त पूर्व देने के लिए पत्र दिया ।

## संघ के केंद्रीय पदाधिकारी भैयाजी जोशी इंदौर में लेंगे बैठक

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर में पिछले पखवाड़े राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत के एक दिनी प्रवास के बाद अब संघ के केंद्रीय पदाधिकारी भैयाजी जोशी मप्र के प्रवास पर हैं। वे इंदौर में संघ पदाधिकारियों की बैठक लेंगे। जिसमें संघ के शताब्दी वर्ष में मध्य प्रदेश के गांव-गांव में होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जाएगी। जोशी बैतूल में बैठक कर चुके हैं, इसमें पंच परिवर्तन, शाखाओं के विस्तार सहित अन्य सेवा कार्यक्रमों पर चर्चा की गई।

संघ 100 साल पूरे होने पर शताब्दी वर्ष मना रहा है, जिसकी शुरूआत इंदौर से हुई। अपने शताब्दी वर्ष में संघ ने मालवा प्रांत में ज्यादा से ज्यादा यूथ एवं प्रोफेशनल्स को शाखाओं से जोड़ने की योजना बनाई है। शाखाओं की संख्या बढ़ाने के लिए युवाओं की सुविधा से टाइमिंग भी एडजस्ट की जा रही है। युवाओं की सुविधा से सुबह से लेकर शाम तक किसी भी समय शाखा लगाई जा सकेगी। शताब्दी वर्ष में गोष्ठियां और पंच परिवर्तन के कार्यक्रमों का कैलेंडर भी तैयार किया गया है। प्रचारकों को गांवों में शाखाएं बढ़ाने को कहा भैयाजी जोशी ने बैतूल में बैठक ली। उन्होंने मध्य भारत प्रांत के प्रचारकों को प्रदेश के गांवों में शाखाओं की संख्या बढ़ाने और स्कूल-कॉलेज, आईटी के छात्रों सहित अलग-अलग क्षेत्रों के प्रोफेशनल्स को संघ के करीब लाने को कहा है। शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में पथ संचलन निकालने पर चर्चा हुई। सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर संवाद हुआ। युवाओं को नगर, मंडल और बस्तियों में सक्रियता बढ़ाने का टास्क सौंपा गया। बता दें कि विजयदशमी पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 साल पूरे हो रहे हैं। इसी दिन से शताब्दी वर्ष के कार्यक्रम शुरू होंगे। जिसके जरिए संघ भारत के हर गांव, हर बस्ती, हर घर तक अपनी पहुंच बनाएगा। हिन्दू सम्मेलनों का आयोजन करेगा। मालवा प्रांत में 3046 स्थानों पर 4636 शाखाएं संचालित हो रही हैं। बैतूल के सम्मेलन में संघ के सामाजिक और सेवा कार्यों की भी चर्चा की गई, जिसमें शिक्षा, चिकित्सा, स्वावलंबन और सामाजिक जागरूकता जैसे क्षेत्र शामिल हैं। संघ पदाधिकारियों ने बताया कि पंच परिवर्तन के तहत स्वदेशी, पर्यावरण, नागरिक कर्तव्य, सामाजिक समरसता और कुटुंब प्रबोधन के कार्यक्रमों की श्रृंखला बनाई है।

## फिट इंडिया मूवमेंट के तहत स्वस्थ ही सुखी जीवन की कुंजी हे

**इंदौर** ● 22 अगस्त को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस श्री कृष्णाजी राव पवार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवास में 10 एमपी बटालियन एनसीसी उज्जैन के आदेश अनुसार एसकेपी कॉलेज देवास एवं एसटीपी कॉलेज देवास की एन सीसी इकाइयों द्वारा फिट इंडिया मूवमेंट के तहत स्वस्थ ही सुखी जीवन की कुंजी है। विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया, प्रथम विषय विशेषज्ञ डॉर संदीप सिंह नागर द्वारा जीवन में खेलों के महत्व एवं उनसे होने वाले शारीरिक और मानसिक लाभों पर विस्तार पूर्वक व्याख्यान दिया गया। उन्होंने कहा कि खेलना कूदना पढ़ने लिखने जितना ही आवश्यक है क्योंकि अगर शारीरिक स्वास्थ्य सही नहीं होगा तो मन और मस्तिष्क दोनों सही तरीके से कार्य नहीं कर पाएंगे। द्वितीय विषय विशेषज्ञ डॉक्टर सत्यम सोनी बताया गया कि खेल न सिर्फ हमारी अपनी ग्रोथ के लिए जरूरी हैं।

## सिद्ध गणेश कार्यशाला एवं नवीन प्रस्फुटन समितियों का प्रशिक्षण संपन्न

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**



**इंदौर** ● विकासखंड इंदौर, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित माटी गणेश - सिद्ध गणेश अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत सभागार इंदौर में कार्यशाला एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति चेतना जागृत करना एवं पारंपरिक माटीकला को बढ़ावा देना है।

सांध्य
दैनिक इंदौर संकेत

इंदौर, शनिवार 23 अगस्त 2025

## न्यूज इन ब्रीफ

### सोलह श्रृंगार में सजी-धजी अग्रवाल वैश्य महिलाओं ने निकाली दादी की प्रभातफेरी

**इंदौर** • भादवी अमावस्या के पावन पर्व पर शुक्रवार सुबह श्री अग्रोहा कपल ग्रुप एवं जय दादी दरबार संगठन की मेजबानी में स्नेह नगर स्थित वृंदावन वाटिका से अग्रवाल नगर स्थित राणी सती दादी के मंदिर तक भव्य प्रभातफेरी के आयोजन में सैकड़ों महिलाएं सोलह श्रृंगार में सज-धजकर राजस्थानी चुनरी पहनकर मंगल गीत गाते हुए दादी की सुसज्जित पालकी को लेकर चलीं। रिमझिम फुहारों के बीच सैकड़ों महिलाओं ने दादी के जयघोष से समूचे क्षेत्र में गुंजायमान बनाए रखा। प्रभातफेरी स्नेह नगर गार्डन से प्रारंभ होकर विभिन्न कालोनियों में भ्रमण के बाद अग्रवाल नगर स्थित राणी सती मंदिर पर पूजा-अर्चना के साथ सम्पूर्ण हुई, जहां आरती, पूजन एवं दादी को सोलह श्रृंगार की सामग्री समर्पित की गई। ग्रुप की ओर से समाजसेवी कृष्णा-विजय गोयल, प्रभात फेरी संयोजक श्रीमती संगीता-अरविंद बागड़ी, निर्मला जिंदल, ज्योति-विनोद अग्रवाल, उषा बंसल एवं किरण तायल ने बताया कि प्रभातफेरी में शहर के 20 प्रमुख महिला संगठनों की भागीदारी रहीं। यात्रा में श्रीमती मुग्धा-गोलू शुक्ला, सुनीता-नंदकिशोर कंदोई, वर्षा बंसल, शीतल स्वाति अग्रवाल, दीपिका गोयल, अनामिका अग्रवाल, दीप्ति अग्रवाल सूरजदेवी बंसल, तृप्ति गोयल, सूरजदेवी बंसल, पिंकी अग्रवाल, मीनू-विकास बंसल, शीतल तोड़ीवाला सहित सैकड़ों बहनों ने विभिन्न व्यवस्थाएं संभाली। वृंदावन गार्डन पर अलग-अलग क्षेत्रों की महिलाएं सोलह श्रृंगार एवं राजस्थानी चुनरी के परिधान में सज-धजकर आईं। दादी की पालकी का फूलों से मनोहारी श्रृंगार किया गया था।

### गुमाश्ता नगर स्थित नाकोड़ा पार्श्वनाथ जैन मंदिर पर कल मनेगा जन्म वाचन

**इंदौर** • गुमाश्ता नगर स्थित श्री नाकोड़ा पार्श्वनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर में साध्वीवर्या शुद्धिप्रसन्नाश्रीजी म.सा. आदिठाणा की पावन निश्रा में चल रहे चातुर्मासिक अनुष्ठान में रविवार, 24 अगस्त को सुबह 9 बजे से भगवान महावीर स्वामी का जन्म वाचन धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेन्द्र छाजेड़ एवं भूपेन्द्र जैन ने बताया कि इस उपलक्ष्य में शाम 7 बजे से भव्य अंगरचना एवं महाआरती का आयोजन भी होगा। मंदिर पर साध्वीवर्या म.सा. की निश्रा में चातुर्मास की धर्मसभा प्रतिदिन सुबह 9 बजे से हो रही है, जिसमें सैकड़ों श्रावक-श्राविकाएं शामिल होकर पुण्य लाभ उठा रहे हैं। तपस्या, आराधना का उत्साहपूर्ण दौर भी चल रहा है। मंदिर पर आगामी 23 नवंबर को जैनाचार्य प.पू. विश्वरत्न सागर म.सा. की निश्रा में भव्य प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन भी होगा, जिसकी तैयारियां प्रारंभ हो गई है।

### द्वारकापुरी के शीतलनाथ जैन मंदिर पर भव्य आंगी एवं मनोहारी दीप श्रृंगार में शामिल हुए हजारों समाजबंधु



**इंदौर** • हवा बंगला मेनरोड, द्वारकापुरी स्थित शीतलनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर पर पर्युषण महापर्व के उपलक्ष्य में गुरुवार रात्रि को मंदिर पर विराजित प.पू. साध्वीवर्या कल्पद्रुमा श्रीजी म.सा. की पावन निश्रा में भगवान की भव्य अंग रचना एवं मनोहारी दीप श्रृंगार के आयोजन में समाज के हजारों श्रावक-श्राविकाओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। श्री मणिभद्र वीर महाराजा की महाआरती के दौरान भगवान के जयघोष से समूचा क्षेत्र गुंजायमान बना रहा। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय नाहर, चेतन भंडारी, सुशील कुकड़ा, नितिन बावेल, विनोद, यशवंत एवं विशाल पीतलिया ने बताया कि इस दौरान मंदिर परिसर में आकर्षक विद्युत एवं पुष्प सज्जा भी आकर्षण का केन्द्र बनी रही।

### देवद्रव्य का उपयोग केवल जिनालयों के लिए ही होना चाहिए-अंतिम छोर के समाजबंधु को भी इसका लाभ मिले

**इंदौर** • देव द्रव्य अर्थात वह धन जो जिनालयों एवं देवों के लिए उपयोग में आता है, लेकिन समाज में कुछ ऐसी प्रवृत्तियां भी धन संग्रह के लिए की जा रही हैं, जिनका लाभ समाज के जरूरतमंद और गरीब लोगों को नहीं मिल पाता। विशेष रूप से तपस्या और उपवास की बोलियां लगाना ही है तो अपने घरों पर लगाएं, धर्मसभा में नहीं । जैन शास्त्रों और परम्पराओं को देखें तो इस तरह की बोलियां उचित नहीं है। देव द्रव्य का उपयोग केवल देवालयों, जिनालयों के लिए ही होना चाहिए। समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति को भी लाभ मिलना चाहिए।

# पार्षदों की बगावत! अविश्वास प्रस्ताव की अवधि न बढ़ाने, मानदेय और पार्षद निधि की माँग

## मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर पार्षदों ने जताई नाराज़गी, बोले- अधिकार छीनने का विरोध करेंगे, जनता के विकास पर न पड़े अंकुश

**प्रदेशभर के नगरीय निकायों के पार्षद अब सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने की तैयारी में हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को भेजे पत्र में उन्होंने तीन बड़ी माँगें रखीं- अविश्वास प्रस्ताव की अवधि 3 साल ही रहे, मानदेय बढ़े और स्वतंत्र पार्षद निधि लागू हो। पार्षदों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाएँगे।**

**खरगोन • दैनिक इंदौर संकेत**
प्रदेशभर के नगरीय निकायों के पार्षदों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर तीन अहम माँगें सामने रखी हैं। पार्षदों ने चेताया है कि यदि उनकी माँगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो वे आंदोलन का रास्ता भी अपना सकते हैं। पार्षदों का कहना है कि अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की अवधि और शर्तों में बार-बार संशोधन कर पार्षदों के संवैधानिक अधिकारों का हनन किया जा रहा है। पहले यह अवधि 2 वर्ष थी जिसे 3 वर्ष किया गया, फिर बहुमत की शर्त 2/3 से बढ़ाकर 3/4 कर दी गई। अब इसे 4 वर्ष 6 माह करने का प्रयास हो रहा है, जिसे पार्षद अस्वीकार्य बता रहे हैं। पार्षदों ने कहा कि यह कदम न केवल उन्हें सशक्त करेगा बल्कि लोकतंत्र में जनता



का विश्वास और भी मजबूत होगा। उन्होंने मुख्यमंत्री से इन बिंदुओं पर तुरंत विचार कर निर्णायक कार्रवाई करने की माँग की है। कुल मिलाकर, पार्षदों की यह एकजुट आवाज सरकार के लिए बड़ी चुनौती बनती दिख रही है। अब देखना होगा कि मुख्यमंत्री मोहन यादव इस पर क्या रुख अपनाते हैं।

### पार्षदों की तीन प्रमुख माँगें

1 अविश्वास प्रस्ताव की अवधि 3 वर्ष ही रहे तथा बहुमत की शर्त 2/3 बहाल की जाए।
2 मानदेय में शीघ्र बढ़ोतरी की जाए। पार्षदों का कहना है कि मुख्यमंत्री द्वारा पूर्व में घोषणा के बावजूद अभी तक आदेश जारी नहीं हुए, जबकि जनता से जुड़े कार्यों में उन्हें लगातार खर्च उठाना पड़ता है।
3 स्वतंत्र पार्षद निधि लागू की जाए। उनका तर्क है कि अध्यक्षों की मनमानी से वार्ड विकास बाधित होता है। निधि मिलने पर वार्ड की वास्तविक जरूरतों के मुताबिक विकास कार्य हो सकेंगे और योजनाओं का सीधा लाभ जनता तक पहुँचेगा।

## मिट्टी से गणेश प्रतिमा बनाने की कार्यशाला संपन्न



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**
**देवास** • मिट्टी से गणेश प्रतिमा बनाने की एक दिवसीय कार्यशाला सतवास नगर में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड कन्नौद द्वारा आयोजित की गई संदीपनी हाई स्कूल परिसर सतवास में आयोजित इस कायशाला में मिट्टी से गणेश प्रतिमा बनाने का प्रशिक्षण सभी क्षेत्रवासियों एवं छात्र-छात्राओं सामाजिक कार्यकर्ता को दिया गया इस दौरान कार्यक्रम कै अतिथि सतवास भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश मालवीय वरिष्ठ भाजपा नेता ओम उपाध्याय सुरेश यादव भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य रेखा शर्मा विद्यालय कि प्रचार्य आशा जोशी प्रदेश अध्यक्ष अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन पवन हिंदू आदि थे प्रशिक्षण कार्यशाला में बताया गया मिट्टी से बने गणेश प्रतिमा का ही अपने घरों में पूजा अर्चना कर स्थापना करें साथ एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत अपने घरों फार्म हाउस सार्वजनिक स्थल स्कूल आंगनबाड़ी मंदिर सार्वजनिक चौपाल आदि स्थानों पर वृक्ष जरुर लगाये एवं जल के स्थलों पर गोरीबंधन एवं स्टाफ डेम जरूर बनाएं इस दौरान जन अभियान परिषद जिला देवास के जिला समन्वयक सचिन शिल्पी ब्लॉक से समन्वयक नीरज द्विवेदी प्रफुल्ल पाठक मैटर संतोष जाट शोभा जोशी मंगलेश बैरागी सुधीर सोमानी दीपक सोनेर नवांकुर संस्था के हरि ओम जारेडा अतुल गुप्ता दीपक राव रामविलास गुर्जर एवं कृषि दवा विक्रेता योगी जी आदि उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन शिक्षक एवं कवि मनोज दुबे कांटाफोड़ ने किया एवं आभार नगर विकास समिति अध्यक्ष संजय शर्मा ने माना।

## पीपली बाजार में महावीर स्वामी का जन्म वाचन होगा, मालिनी गौड़ परिवार बना लाभार्थी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**
**इंदौर** • अर्बुद गिरिराज जैन श्वेताम्बर तपागच्छ उपाश्रय ट्रस्ट पीपली बाजार, जैन श्वेताम्बर मालवा महासंघ एवं नवरत्न परिवार इंदौर के संयुक्त तत्वावधान में नरसिंह वाटिका स्थित नवरत्न वाटिका पर चल रहे चातुर्मासिक अनुष्ठान नरसिंह वाटिका में चल रहे चातुर्मास में पर्युषण महापर्व के दौरान रविवार, 24 अगस्त को भगवान महावीर स्वामी के जन्म वाचन एवं उसके पूर्व जैनाचार्य प.पू. विश्वरत्न सागर म.सा. द्वारा महामांगलिक का दिव्य आयोजन सुबह 10 बजे से पीपली बाजार स्थित लाल मंदिर के सामने बने मंडप में आयोजित होगा। चातुर्मास आयोजन समिति के संयोजक पुण्यपाल सुराणा, कैलाश नाहर, हंसराज जैन, दिलीप सी. जैन, ललित सी. जैन, मनीष सुराना, प्रीतेश ओस्तवाल, दिलीप मंडोवरा, दिलसुखराज कटारिया ने बताया कि इसके लाभार्थी एकलव्यसिंह एवं मालिनी लक्ष्मणसिंह गौड़ परिवार होंगे।

## कल एयरपोर्ट से कनाड़िया रोड तक लायंस के सदस्य निकालेंगे बड़ी वाहन रैली-देंगे हेलमेट पहनने का संदेश

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**
**इंदौर** • लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रीक्ट 3233 जी-1 के तत्वावधान में रविवार, 24 अगस्त को सुबह 11.30 बजे देवी अहिल्या विमानतल से कनाड़िया रोड स्थित मौर्या हिल्स, केबीसी कन्वेंशन हाल तक एक विशाल वाहन रैली निकाली जाएगी। लायंस के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष ला. ए.पी. सिंह के 109 वर्षों के लायनवाद इंदौर के इतिहास में पहली बार शहर आगमन के उपलक्ष्य में निकाली जा रही इस रैली में आम नागरिकों के लिए हेलमेट पहनने, यातायात नियमों का पालन करने, शहर को साफ-सुथरा रखने और अन्य सामाजिक सरोकारों के संदेश भी दिए जाएंगे। इस मौके पर डिस्ट्रीक्ट के 800 और पूरे देश के लायंस क्लबों से 400 सदस्य इंदौर आ रहे है। इन वाहनों की गति शहर की सड़कों पर 30 से 40 कि.मी. प्रति घंटा रहेगी।

लायंस के डिस्ट्रीक्ट गवर्नर लायन अनिल खंडेलवाल एवं गेट एरिया वाईस लीडर कुलभूषण मित्तल कुक्की ने बताया कि ला. ए.पी. सिंह, लायंस के दो अंतर्राष्ट्रीय निर्देशक ला. रमेश प्रजापति, ला. संगीता जटिया एवं दो पूर्व अंतर्राष्ट्रीय निर्देशक ला. वी.के. लड़िया भी विमान से इंदौर आ रहे हैं। लायंस इंटरनेशनल का मुख्यालय शिकागो में है और दुनिया के 200 देशों के 14 लाख लायंस का नेतृत्व ला. ए.पी. सिंह कर रहे हैं। उन्हें विमानतल से कनाड़िया रोड स्थित कार्यक्रम स्थल तक ले जाने के लिए 200 कारों एवं 100 से अधिक दुपहिया वाहनों की रैली निकालने का मुख्य उद्देश्य यही है कि शहर के सामाजिक सरोकार में लायंस भी भागीदार बन सके। इसी उद्देश्य से सभी वाहन चालकों को चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट और दुपहिया वाहन में हेलमेट का प्रयोग करने का संदेश देने हेतु यह रैली निकाली जा रही है। लायंस के करीब 800 सदस्य पूरे डिस्ट्रीक्ट से और 400 सदस्य देश के अन्य लायंस क्लबों से इंदौर आ रहे हैं। इन सबको लायंस इंदौर डिस्ट्रीक्ट 3233 जी-1 की गतिविधियों से अवगत कराने हेतु यह रैली निकाली जा रही है। ला. ए.पी. सिंह दोपहर 2 बजे कनाड़िया रोड स्थित मौर्या हिल्स, केबीसी कन्वेंशन हाल में आयोजित नवनिर्वाचित डिस्ट्रीक्ट गवर्नर ला. अनिल खंडेलवाल और उनकी कैबिनेट के संस्थापन समारोह के मुख्य अतिथि होंगे।

## स्कूली बच्चों के बीच पहुंचकर 'लव यू जिंदगी' की सखियों ने बांटे लंच बाक्स और जानी मन की बातें

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**
**इंदौर** • महिला प्रकोष्ठ अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति की सखियों ने शुक्रवार को अपने 'लव यू जिंदगी' कार्यक्रम की श्रृंखला में दो दिवसीय चैरिटी ड्राइव (परमार्थ सेवा अभियान) के तहत पहले दिन नवलखा विसर्जन आश्रम स्थित जीवनशाला विद्यालय पहुंचकर करीब 200 बच्चों को उपहार के रूप में लंच बाक्स भेंट किए और उन्हें इंदौर की पहचान बन चुके पोहा-जलेबी का नाश्ता भी कराया। इस दौरान प्रकोष्ठ की प्रमुख प्रतिभा मित्तल की अध्यक्षता में सखियों ने अलग-अलग समूह बनाकर इन



किशोरवय के बच्चों से उनकी दिनचर्या, पढ़ाई, मित्रों की संगत और अन्य आदतों के बारे में आत्मीय बातचीत कर यह जानने का प्रयास किया कि इन बच्चों की शिक्षा-दीक्षा और व्यवहार का स्तर क्या है और उन्हें किस तरह सुधारा या संवारा जा सकता है। सखियों की इस पहल से बच्चों के चेहरे भी खिल उठे और उन्होंने बिना संकोच के अपनी बातें शेयर की। प्रारंभ में विद्यालय की संचालक श्वेता गुप्ता ने प्रकोष्ठ की सखियों की अगवानी की और उन्हें जीवनशाला के बारे में जानकारी दी।

## कनाड़िया रोड मौर्या हिल्स पर कल नवनिर्मित केबीसी हेल्थ सेंटर एवं कन्वेंशन सेंटर का लोकार्पण होगा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**
**इंदौर** • कनाडिया रोड, मौर्या हिल्स पर जन कल्याण की दृष्टि से के.बी.सी. हेल्थ सेंटर का निर्माण सूठीबाई दौलतराम छावछरिया पारमार्थिक ट्रस्ट की ओर से किया गया है। प्रमुख ट्रस्टी बालकिशन छावछरिया (बल्लू भैया) ने बताया कि इसके साथ ही 10 हजार फिट का कुसुमदेवी बालकिशन छावछरिया सभागार (के.बी.सी. कन्वेंशन सेंटर ) का भी निर्माण किया है जो पूर्णत: एयर कंडीशंड एवं साउंड प्रूफ है। इसके अलावा 18 हजार स्क्वेयर फीट का टेरेस गार्डन भी बनाया गया है । इन सेवा प्रकल्पों का लोकार्पण लायंस इंटरनेशनल के प्रेसीडेंट लायन ए.पी. सिंह द्वारा रविवार, 24 अगस्त को दोपहर 2 बजे किया जाएगा। राज्य के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादवजी को भी आमंत्रित किया गया है। के. बी. सी. हेल्थ सेंटर मे मरीजों के परीक्षण व जांचों के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों के 5 चेम्बर्स एवं फिजियोथेरेपी हाल भी बनाया गया है। ट्रस्ट अध्यक्ष विनोद अग्रवाल एवं सचिव कुलभूषण मित्तल ने बताया कि इस हेल्थ सेंटर में स्त्री रोग, बाल रोग, दंत रोग, हड्डी रोग, नाक-कान- गला एवं अन्य सामान्य मरीजों का नि:शुल्क परीक्षण एवं जांचें की जाएंगी एवं जरुरतमंद मरीजों के लिए माइनर ओ.टी. की व्यवस्था भी नि:शुल्क रहेगी। प्राथमिक दवाईयां लायंस क्लब के द्वारा नि:शुल्क दी जाएंगी एवं फिजियोथैरेपिस्ट द्वारा नाममात्र शुल्क पर मरीजों की फिजियोथेरेपी की सुविधा भी मल सकेगी। ट्रस्टी सुश्री जयश्री अग्रवाल व कार्यक्रम प्रबंधक एस. एन. गोयल समाधान ने बताया कि उपरोक्त हेल्थ सेंटर व सभागार प्रमुख ट्रस्टी बालकिशन छावछरिया (बल्लू भैया) की धर्मपत्नी श्रीमती कुसुम देवी एवं स्व. सुपुत्र जितेन्द्र एवं माता - पिता की स्मृति में बनाया गया है।

## वन विभाग नागचून तालाब के पास 50 एकड़ में बना रहा है आकर्षक नगर वन

**खंडवा • दैनिक इंदौर संकेत**
अंधाधुन पेड़ों की कटाई के कारण कहीं ना कहीं प्रकृति के साथ खिलवाड़ हुआ है। वृक्ष जो हमें कई साधन उपलब्ध कराते हैं साथ ही ऑक्सीजन भी प्रदान करते हैं। कोरोना काल में हमने ऑक्सीजन की कमी के कारण कई लोगों को खो दिया। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस प्रकार स्वच्छता को लेकर आम जन तक स्वच्छता का संदेश पहुंचा कर देश में स्वच्छता को आगे बढ़ाया उसी के अनुरूप प्रधानमंत्री श्री मोदी ने आज की आवश्यकता को देखते हुए बड़ी संख्या में पौधारोपण करने को लेकर



एक पेड़ मां के नाम अभियान चला रखा है। जिला प्रशासन के मुखिया कलेक्टर ऋषव गुप्ता, फॉरेस्ट विभाग की टीम के साथ नगर पालिका निगम महापौर अमृता अमर यादव के मार्गदर्शन में निगम प्रशासन द्वारा भी एक और जहां नवकार नगर में हजारों पौधे लगाकर एक अच्छी वाटिका का निर्माण किया है, मनी महापौर के मार्गदर्शन में शहर के कई स्थानों पर हजारों की संख्या में पौधारोपण किया गया है। उसी के अनुरूप अटल सरोवर नागचुन तालाब के 50 एकड़ जंगल क्षेत्र में फॉरेस्ट विभाग द्वारा नगर वन बनाया जा रहा है। इस स्थान पर भी नगर निगम ने अपने पौधारोपण कर इस क्षेत्र में सहयोग प्रदान किया है जो पर्यटन की दृष्टि से एक बहुत अच्छा क्षेत्र बनाने जा रहा है वर्तमान में काफी काम हो चुका है और निश्चित ही एक बहुत अच्छा फॉरेस्ट यहां पर बनकर तैयार होगा और क्षेत्र के लोगों को अपने शहर में ही जंगल सफारी करने का मौका मिलेगा।

## धार्मिक उत्साह के साथ आज अमावस्या के दिन मनाया जाएगा पोला उत्सव

**खंडवा • दैनिक इंदौर संकेत**
भरत की यह पावन भूमि भारत संस्कृति और धर्म पर आधारित है और यहां त्यौहारों के साथ नागपंचमी पर जहां नागदेवता की पूजा कर दूध पिलाया जाता है वहीं पोला अमावस्या के दिन बैलों की पूजा का भी विशेष महत्व है। इस दिन किसानों द्वारा खेतों में हल चलने वाले बैलों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए विशेष रूप से पूजा की जाती है। इसी के साथ विभिन्न कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाता है। जिसमें बच्चों से लेकर हर वर्ग के लोग उत्साहपूर्वक शिरकत करते हैं। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि पोला अमावस्या के दिन बाजार से मिट्टी के बैल लाकर उनकी घरों में पूजा की जाती है पोला उत्सव का अपना अलग ही महत्व है। पोला पर्व को भगवान शंकर की सवारी नंदी बैल से भी जोड़कर देखा जाता है। कहा जाता है कि स्वामी भक्त नंदी की पूजा होती है। भारत को कृषि प्रधान देश माना गया है इसलिए यह पर्व यहां खास तौर पर मनाने की पुरानी परंपरा है। क्षत्रपति शिवाजी के वंशज पोला पर्व को दिवाली की तरह मनाते हैं।

## सम्पादकीय

### लोकसभा में सिर्फ 31% और राज्यसभा में 39%कामकाज, सत्ता-विपक्ष के शोर में जनता के सवाल फिर दब गए

संसद कानून और नीति निर्माण करने वाली देश की सर्वोच्च संस्था है, जो जनता का प्रतिनिधित्व करती है। देश की दिशा एवं दशा तय करने में इसकी अहम भूमिका होती है। यह सरकार के कामकाज की निगरानी करने और राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा कर समाधान तलाशने का विशिष्ट मंच है। इसे लोकतांत्रिक व्यवस्था की रीढ़ कहा जाता है, जहां जनता की संप्रभुता को अभिव्यक्ति मिलती है। जन प्रतिनिधियों से उम्मीद की जाती है कि वे आम लोगों से जुड़े मसलों को संसद में उठाकर नीति निर्माण में उनकी भूमिका सुनिश्चित करेंगे। मगर, संसद के मानसून सत्र के कामकाज पर गौर करें तो इन उम्मीदों पर सियासत के बादल मंडराते नजर आते हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि जन प्रतिनिधियों के लिए दलगत राजनीति जन सरोकार से ज्यादा महत्त्वपूर्ण है। संसद के अंदर और बाहर सत्तापक्ष एवं विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप के शोरगुल में असल मुद्दे गौण हो जाते हैं। इससे न केवल संसद का बहुमूल्य समय यों ही जाया हो जाता है, बल्कि सार्वजनिक धन की भी बर्बादी होती है। संसद के मानसून सत्र के दौरान लोकसभा में महज 31 फीसद और राज्यसभा में 39 फीसद कामकाज हुआ। सत्र के दौरान कामकाज के लिए 120 घंटे उपलब्ध थे, मगर इस दौरान लोकसभा में केवल 37 घंटे और राज्यसभा में 41 घंटे 15 मिनट कामकाज हो पाया। दोनों सदनों में कुल 15 विधेयक पारित किए गए और तीन विधेयकों को संसद की संयुक्त समिति के पास विचार के लिए भेजा गया।

## पोला अमावस पर विशेष ◆ धर्म, धैर्य और परिश्रम का प्रतीक - बैल पूजन पर्व

पोळा केवल एक लोकपर्व नहीं, बल्कि भारतीय कृषि-संस्कृति, धर्म-दर्शन और प्रकृति-समन्वय का जीवंत प्रतीक है। भाद्रपद अमावस्या पर मनाया जाता है बैल पोळा त्यौहार। बैल पोळा यानी पोला अमावस। यह पर्व या त्योहार मुख्यत: महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और कुछ दक्षिण भारतीय राज्यों तेलंगाना, आंध्रप्रदेश व कर्नाटक में मनाया जाने वाला एक पारंपरिक कृषक पर्व है।

**महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ में इसे बैल पोळा कहते हैं**- तेलंगाना और आंध्रप्रदेश में इसे पोला या एडगल्लु पोला कहा जाता है। वहीं कर्नाटक में इसे बेन्दूर कहा जाता है। वस्तुत: देखा जाए तो यह त्योहार उत्तर भारत में मनाए जाने वाले गोवर्धन पूजा जो दीपावली के अगले दिन अर्थात् पड़वा के दिन मनाया जाता है का ही दक्षिण भारतीय संस्करण हैं।

**वेदों और पुराणों से संबंध**- ऋग्वेद और अथर्ववेद में बैल और गौवंश का बार-बार उल्लेख मिलता है। बैल को कृषि का वाहन और शक्ति का प्रतीक कहा गया है।

बैल को नंदी (भगवान शिव का वाहन) के रूप में भी पूजनीय माना जाता है। शिव के नंदी का महत्व आज भी हर शिवालय में देखा जाता है।

स्कन्द पुराण और अग्नि पुराण में बैल को धर्म, धैर्य और परिश्रम का प्रतीक बताया गया है।

भारतीय दर्शन में 'यज्ञ' का अर्थ है सामूहिक कल्याण हेतु कार्य। खेती भी एक यज्ञ है और बैल उसका 'यज्ञीय प्राणी'।

लोककथाओं के अनुसार, जब देवताओं ने मानव को अन्न दिया तो बैल को हल चलाने का कार्य सौंपा गया। इसीलिए बैल को अन्नदाता का साथी कहा जाता है। ग्रामीण समाज बैल को केवल पशु नहीं मानता, बल्कि परिवार के सदस्य की तरह



उसका सम्मान करता है।

इस दिन बैलों को नहलाकर सजाया जाता है। उनके सींगों पर रंग-बिरंगे पेंट और शरीर पर तेल लगाया जाता है।

नई रस्सियाँ, घंटियाँ, कपड़े पहनाए जाते हैं। फिर उन्हें गाँव में शोभायात्रा के रूप में घुमाया जाता है। किसान उनकी पूजा कर हल बखर-यंत्र को भी प्रणाम करते हैं। बैलों को विश्राम और विशेष आहार (चना, मिठाई, खिचड़ी तेल आदि) दिया जाता है। इस समय बुआई पूरी हो चुकी होती है डोरे लगाने या कोलपे लगाने का कार्य भी पूरा हो चुका होता है। खेतों में फसल के पौधे लहलहाने लगते हैं। खेती का लगभग सारा काम पूर्ण हो चुका होता है। इस समय तक किसान और बैल दोनों ही थक चुके होते हैं, इसलिए यह उत्सव विश्राम और पुनर्नवता का प्रतीक है।

**बैल पोळा का वैज्ञानिक विवेचन** - पुरातन काल से ही कृषि और पारिस्थितिकी दृष्टि से बैल खेती का मुख्य साधन रहा है। उसके प्रति आभार प्रकट करना किसान और पशु के बीच गहरा संबंध बनाता है।

यह त्योहार वर्षा ऋतु के मध्य (भाद्रपद अमावस्या) में आता है, जब खेतों में बुआई का कार्य पूरा हो चुका होता है और बैलों को कुछ विश्राम देना उचित होता है। बैलों को नहलाना और तेल लगाना उनके स्वास्थ्य (त्वचा, सींग और जोड़ों की मजबूती) के लिए लाभकारी है।

पशु-स्वास्थ्य की दृष्टि से बरसात के मौसम में कीचड़ और नमी से बैलों में चर्म रोग और कीड़े लगने का खतरा बढ़ता है। स्नान, तेल और रंग लगाने से यह संक्रमण कम होता है और बैल स्वस्थ रहते हैं। सार यह है कि बैल पोळा केवल धार्मिक उत्सव नहीं बल्कि कृषि विज्ञान, पशु स्वास्थ्य, सामाजिक एकता और पर्यावरणीय संतुलन से गहराई से जुड़ा पर्व है।

**आधुनिक परिप्रेक्ष्य में बैल पोळा का महत्व मशीन बनाम बैल**- आज ट्रैक्टर और आधुनिक कृषि यंत्रों ने बैलों की जगह काफी हद तक ले ली है। लेकिन छोटे किसानों, पर्वतीय क्षेत्रों और गरीब ग्रामीण समाज में बैल आज भी खेती का मुख्य आधार हैं ट्रैक्टर का ईंधन खर्चीला है यह हानिकारक गैसें छोड़ता है प्रदूषण को बढ़ाता है और जमीन की उर्वरा शक्ति को कम करता है। जबकि बैल पर्यावरण में सहयोगी है जमीन की उर्वरा शक्ति बढ़ाने में सहायक है। और सबसे अच्छी बात प्रदूषण बिल्कुल भी नहीं फैलाता है।

**पर्यावरणीय दृष्टि से**-बैल प्राकृतिक ऊर्जा का स्रोत है, जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता घटाते हैं। ट्रैक्टर से मिट्टी की संरचना खराब होती है, जबकि बैल हल से मिट्टी का प्राकृतिक संतुलन बना रहता है। बैल का गोबर और मूत्र खेती के लिए सर्वोत्तम जैविक खाद और कीटनाशक हैं, जो रासायनिक उर्वरकों का विकल्प देते हैं।

**आर्थिक दृष्टि से**-बैल का संरक्षण सीधे कृषि-उत्पादन और किसान की आजीविका से जुड़ा है। त्योहार के बहाने किसान बैलों की रस्सी, सजावट और पशु-उपकरण नए लेते हैं जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में भी गतिशीलता आती है। गरीब किसान बैल को पालकर खेती कर सकता है, लेकिन हर कोई महंगा ट्रैक्टर नहीं खरीद सकता। बैल बहुउपयोगी हैं - खेती, गाड़ी खींचना, गोबर से खाद, ईंधन और गोबर-गैस सब मिलता है।

**सांस्कृतिक, सामाजिक और मनोवैज्ञानिक दृष्टि से**- यह पर्व सामूहिकता और सामंजस्य का प्रतीक है। किसान एक साथ मिलकर बैल और भूमि की महत्ता को स्वीकारते हैं।

बच्चों को भी मिट्टी के या लकड़ी के बैल खिलौने देकर प्रकृति और पशु सम्मान का संस्कार सिखाया जाता है। बैल को परिवार का हिस्सा मानना, मानवीय संवेदनाओं को बढ़ाता है।

तकनीक के बढ़ते प्रभाव में मनुष्य प्रकृति और पशु से दूर होता जा रहा है। बैल पोळा हमें यह सिखाता है कि केवल मशीन पर निर्भर रहना खतरे का संकेत है, प्रकृति के साथ सामंजस्य जरूरी है।

**भविष्य की दृष्टि से**- जलवायु परिवर्तन और ऊर्जा संकट के समय बैल आधारित खेती टिकाऊ विकल्प बन सकती है।

ऑर्गेनिक फार्मिंग और जीवामृत खेती में बैल और गौवंश की भूमिका फिर से महत्वपूर्ण हो रही है। बैल पोळा एक तरह से टिकाऊ एग्रीकल्चर का सांस्कृतिक मॉडल है।

भले ही ट्रैक्टर और मशीनें खेती में तेजी और सुविधा देती हैं, पर बैल पोला हमें याद दिलाता है कि प्रकृति, पशु और मानव का संतुलन ही सच्चा विकास है। बैल केवल अतीत का हिस्सा नहीं, बल्कि भविष्य की टिकाऊ कृषि का आधार भी हो सकते हैं।बैल पोला हमें याद दिलाता है कि मानव केवल तकनीक पर निर्भर नहीं रह सकता, प्रकृति और पशु भी जीवन का आधार हैं।

**संकलन - सोशल मीडिया**

## आंचलिक

# नगर पालिका में भेदभावपूर्ण नोटिस का खेल!

### सहायक यंत्री मनीष महाजन पर गंभीर आरोप, परमिशन विभाग में गड़बड़ी से बढ़ रहीं शिकायतें

**रविन्द्र परमार**

**खरगौन • दैनिक इंदौर संकेत**

नगर पालिका की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। अवैध निर्माण को लेकर नोटिस जारी करने में भारी भेदभाव सामने आया है। आरोप है कि कई बड़े रसूखदारों को नोटिस से बचा लिया गया, जबकि छोटे निर्माणकर्ताओं पर कार्रवाई की गई। सारा मामला नगर पालिका के सहायक यंत्री मनीष महाजन पर टिक रहा है। परमिशन विभाग के हेड होने के नाते पूरी जिम्मेदारी उनकी बनती है, लेकिन सूत्रों के




अनुसार उन्होंने सीएमओ और नपा अध्यक्ष तक को गुमराह कर गलत जानकारी दी। यही वजह है कि नोटिसों की सूची में पक्षपात दिखाई दे रहा है। स्थानीय लोगों ने खुलकर कहा है कि बिना पैसे दिए अनुमति नहीं मिलती, पैसे लेकर ही परमिशन दी जा रही है। यही कारण है कि बड़े स्तर पर शिकायतें हो रही हैं लेकिन कार्रवाई ठप है। लोग आरोप लगा रहे हैं कि महाजन की कार्यशैली भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही है और इसी कारण सीएम हेल्पलाइन पर लगातार शिकायतें बढ़ रही हैं। नगर के जानकारों का कहना है कि अगर निष्पक्ष कार्रवाई हो, तो आधी शिकायतें अपने आप खत्म हो जाएंगी। मगर फिलहाल हालात यह हैं कि नगर पालिका की छवि लगातार धूमिल हो रही है और सीएमओ को बार-बार फटकार का सामना करना पड़ रहा है, जिसकी असली वजह सहायक यंत्री मनीष महाजन की कार्यप्रणाली बताई जा रही है। अब देखना यह होगा कि नगर पालिका इस गंभीर मामले में पारदर्शी कार्रवाई करती है या फिर इसे भी ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा।



## वृद्ध महिला से चैन स्नैचिंग करने वाले 3 बदमाश गिरफ्तार, 2 लाख रुपए मूल्य की चैन बरामद

**खरगौन • दैनिक इंदौर संकेत**

रक्षाबंधन मनाने भाई के घर आई वृद्धा के गले से करीब 2 लाख रुपए मूल्य की सोने की चैन खिंचने वाले बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़ गए है। पुलिस ने 12 अगस्त को हुई इस घटना की गुत्थी सुलझाने में खासी मशक्त की है। करीब 150 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के बाद धामनोद के आदतन अपराधियों को चिन्हित कर 3 आरोपियों गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 20 ग्राम वजनी सोने की चेन बरामद की गई है।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार सेगांव पुलिस चौकी पर 13 अगस्त को नागलवाड़ी क्षेत्र निवासी वृद्ध महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी किए वे अपने भाई के घर राखी पर आई थी। दिनांक 12 अगस्त को जब हम खरगोन रोड पर बने पुलिया के पास वाले रास्ते से लालबाई-फुलबाई माता मंदिर जा रहे थे, तभी पीछे से एक बाईक पर सवार दो लड़के आये और मेरे गले मे पहनी 20 ग्राम वजनी सोने की चैन झपटामार कर ले गए। पुलिस ने सूचना तंत्र व मुखबिरो को सक्रिय करने के साथ ही संभावित रास्तों के लगभग 150 से अधिक सीसीटीही कैमरे खंगाले। फुटेज के आधार अजय पिता अनोखी लाल राठौड़ निवासी धनसिंग कॉलोनी लुनहेरा बुजुर्ग धामनोद, सत्यम सिंधे पिता सुनील सिंधे निवासी कहार मोहल्ला धामनोद एवं मोईन पिता असलम मुंडा निवासी बेगंदा रोड धामनोद को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें उन्होंने चेन स्नेचिंग की वारदात को अंजाम देना कबूल किया। इनकी निशानदेही पर 2 लाख रुपये मूल्य की चेन और घटना में इस्तेमाल की गई बाईक जब्त की है। तीनों आरोपियों के खिलाफ पूर्व में भी धामनोद, इंदौर सहित अन्य थानों पर अपराधिक प्रकरण दर्ज है।

## सुसज्जित पालकी में मातोश्री ने किया नगर भ्रमण, अश्व सवार बालिका ने की अगुवाई

### 6 दिवसीय महोत्सव में रुप में मनी 230वीं पुण्यतिथि

**खरगौन • दैनिक इंदौर संकेत**

पुण्य श्लोका देवीश्री अहिल्याबाई मातोश्री की 230वीं पुण्यतिथि पर शुक्रवार को शहर में भव्य पालकी यात्रा निकाली गई। अहिल्या उत्सव कमेटी ने दोपहर 3 बजे उत्कृष्ट स्कूल परिसर में फूलों से सुसज्जित पालकी में अहिल्याजी की प्रतिमा को विराजित कर पूजन-अर्चन किया। विधायक बालकृष्ण पाटीदार, नगरपालिका अध्यक्ष छाया जोशी, भाजपा जिलाध्यक्ष नंदा ब्राह्मणे सहित शहर के गणमान्य नागरिकों और कमेटी सदस्यों ने अहिल्या मां अमर रहे, राजमाता अहिल्याबाई की जय के साथ शाम 4 बजे पालकी को कंधे पर उठाकर नगर भ्रमण कराया गया। पालकी यात्रा की अगुवाई अहिल्याजी की वेशभूषा में श्रृंगारित अश्व सवार बालिका प्रतिक्षा मंडलोई ने की। पालकी में निकली अहिल्याबाई के रास्तेभर श्रद्धालूओं ने दर्शन कर पूजन-अर्चन के बाद मां अहिल्या से आशीर्वाद लिया। कई स्थानों पर पालकी यात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। पालकी मुख्य मार्गों से होकर कुंदा नदी तट पहुंची। यहां महाआरती के बाद यात्रा का समापन हुआ। पालकी यात्रा में रणजीत डंडीर, राकेश शर्मा, संजय गुप्ता, योगेश वाघ, स्नेहलता लांडगे, राजू सोनी, सोपानराव पंवार, पवन बिल्लौरे, रविंद्र निखोरिया, दिगंबर बागडे, धनगर भारुड समाज के अरुण यादव, पप्पू यादव सहित बड़ी संख्या समाजसेवी, जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

### 6 दिवसीय महोत्सव का समापन

अहिल्या उत्सव समिति अध्यक्ष अनिल कोकणे, पारिंद्र शर्मा ने बताया पालकी यात्रा समापन पर समाजसेवी राजू शर्मा को सामाजिक कार्यो के लिए अहिल्या सम्मान से सम्मानित किया गया। शोभायात्रा में आगे बैंड- बाजे की धून पर श्रद्धालु चल रहे थे। एनसीसी ऑफिसर मुरली खोड़े ने बताया पालकी यात्रा में एनसीसी केडेट, स्काउट गाइड, रेडक्रॉस के 200 से अधिक कैडेट बालक-बालिकाएं मार्च पास्ट करते चल रहे थे। श्री कोंकणे ने बताया कि पुण्यतिथि महोत्सव के रुप में मनाई गई, जिसके तहत पिछले 6 दिन तक रांगोली, चित्रकला, निबंध, हल्दी- कुमकुम जैसे सांस्कृतिक, बौद्धिक कार्यक्रम आयोजित किए गए थे, इनका भी शुक्रवार को समापन किया गया।



## बाइक सहित लकड़ी छोड़कर भागे तस्कर

**खंडवा • दैनिक इंदौर संकेत**

वनों में अवैध कटाई कर सागौन की तस्करी करने वाले बाइक सवार गिरोह को वन विभाग ने पकड़ने के लिए पीछा किया। लेकिन वह बाइक व लकड़ियां छोड़ वनकर्मियों को चकमा देकर भाग निकले। एसडीओ संदीप वास्कले ने बताया टीम को तस्कर बाइक से सागौन के लट्ठे ले जाते दिखे।

## किन्नर ने मांग में सिंदूर भरा तो हुआ विवाद, एसपी से शिकायत की

**खंडवा • दैनिक इंदौर संकेत**

किन्नर करिश्मा की मांग के सिंदूर पर विवाद हो गया। उसने कुछ असामाजिक तत्वों के खिलाफ एसपी के समक्ष शिकायत दर्ज कराई है। जिसमें आरोप लगाया कि फिरोज व उसके करीबियों को मेरी मांग में सिंदूर भरने से दिक्कत है। आए दिन झगड़ा कर मारपीट करते हैं। एसपी मनोज कुमार राय ने शिकायत मिलने पर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। सिंगोट इलाके में रहने वाली किन्नर करिश्मा अपने साथियों के साथ एसपी ऑफिस पहुंची। उसने फिरोज व अन्य के खिलाफ मारपीट व प्रताड़ित करने की शिकायत की है। किन्नर का कहना है कि मैं मांग में सिंदूर भरती हूं। मैं सनातन धर्म से हूं और उसे अपनाती हूं। इसीलिए मैं भी मांग में सिंदूर लगाती हूं। लेकिन इससे फिरोज को परेशानी है। वह प्रताड़ित करता है। आए दिन अपने साथियों के साथ नशा कर देर रात घर का दरवाजा खटखटाता है। मैं परेशान हो चुकी हूं। घर में कैमरे लगवाए तो उसमें भी उन्हें परेशानी है। क्योंकि कैमरों से उनकी नशाखोरी व हरकतें पकड़ी जाएंगी। इसलिए वह आए दिन जबर्दस्ती विवाद कर मारपीट करते आ रहे हैं। एसपी राय ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## खरपतवार नाशक अमानक दवा से फसलों को हुए नुकसान के मामले में प्रकरण दर्ज

**खंडवा • दैनिक इंदौर संकेत**

उप संचालक कृषि श्री नितेश यादव ने बताया कि ग्राम ढकोची एवं अन्य ग्रामों के 48 कृषकों की कुल 220 एकड़ सोयाबीन फसल में खरपतवार नाशक दवाई के छिडकाव से 80 से 90 प्रतिशत पौधे पूर्ण रूप से प्रभावित हो गए थे, और इस फसल से उत्पादन मिलने की कोई सम्भावना नहीं बची थी। इस संबंध में शिकायत प्राप्त होने पर अनुविभागीय कृषि अधिकारी हरसूद श्रीमती अमृता मोरे के नेतृत्व में जाँच दल का गठन किया गया था। जाँच दल द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के अनुसार खरपतवार नाशक दवाई निर्माता कंपनी एचपीएम केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स दिल्ली द्वारा निर्मित खरपतवार नाशक दवाई एचपीएम बायोक्लोर के छिड़काव के बाद सोयाबीन फसल प्रभावित होना पाई गई । उप संचालक कृषि खंडवा के आदेश द्वारा इस खरपतवार नाशक दवाई का जिले में परिवहन, भंडारण, क्रय, विक्रय प्रतिबंधित किया गया है, तथा विक्रेता के पास उपलब्ध खरपतवार नाशक इस दवाई की 16 नग पैकेट की जप्ती की कार्यवाही भी की गई है। उपसंचालक कृषि ने बताया कि पौध संरक्षण औषधि निरीक्षक द्वारा इस खरपतवार नाशक दवा का नमूना लेकर परीक्षण हेतु फरीदाबाद प्रयोगशाला को भेजा गया था। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार खरपतवार नाशक दवाई Chlorimuron Ethyl 25% WP के स्थान पर 8.33% WP की पाई गई है। उन्होंने बताया कि खरपतवार नाशक दवा निर्माता कम्पनी एचपीएम केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर लिमिटेड दिल्ली के केमिस्ट श्री अनीष कुमार पांडे, श्री मंगाराम एवं अश्वनी कुमार तथा प्रिंसिपल सर्टिफिकेट में हस्ताक्षरकर्ता श्री एस.के. पंचारिया एवं कम्पनी के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री अशोक अग्रवाल, तनुज एग्री क्लिनिक के प्रोपराइटर श्री विजय पिता रामदास राठौर ग्राम ढकोची विकासखंड खालवा के विरूद्ध कीटनाशक अधिनियम 1968 की धारा 29, अधिनियम की धारा 33 एवं भारतीय न्याय संहिता बी. एन. एस. 2023 धारा (2), बी. एन. एस. 2023 धारा 3 (5) की धाराओं में कीटनाशक निरीक्षक श्री गोरेलाल द्वारा थाना खालवा में अपराध पंजीबद्ध कराया गया है।

## परिवहन विभाग की बड़ी कार्यवाई 4 डंपर वाहन जप्त






**खंडवा ●** अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री दीपक मांझी ने बताया कि परिवहन विभाग के दल ने शुक्रवार को पुनासा मूंदी क्षेत्र में संचालित ओवरलोड भारवाही राखड़ वाहनों की चेकिंग की।इस कार्यवाही में 4 ओवरलोड भारवाही डम्पर बल्कर वाहनों को जप्त कर मूंदी थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है ।

## भवानी माता रोड स्थित प्राचीन शनि मंदिर में सैकड़ो वर्ष पूर्व की है प्राचीन प्रतिमा

**खंडवा • दैनिक इंदौर संकेत**

भवानी माता रोड स्थित प्राचीन शनी मंदिर में 23 अगस्त शनिवार को शनि अमावस्या के पावन अवसर पर श्री शनि महोत्सव महोत्सव मनाया जाएगा। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया भवानी माता रोड स्थित प्राचीन शनिदेव मंदिर में भगवान शनि देव की प्राचीन प्रतिमा पर श्रद्धालु सुबह 6:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक अपने हाथों से प्रतिमा का तेल से अभिषेक स्नान करा सकते हैं। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि खंडवा में इस मंदिर में विराजमान शनिदेव की प्रतिमा को 100 वर्ष से भी अधिक हो चुके हैं। यह मूर्ति



चमत्कारी एवं मनोकामना पूर्ण करने वाली है। मंदिर की पुजारी राजू शर्मा ने बताया कि जिन राशि वालों को शनि की महादशा, शनि अंतर, परंतर दशा, साढ़े साती, अढ़ैया व राहू-केतु दशा अनिष्ठ चल रही थी उन्होंने अपने स्वकल्याणार्थ शनि अमावस्या पर शनि मंदिर पहुंचकर शनि देव का अपने हाथों से तेल स्नान अभिषेक व दानकर पुण्य प्राप्त कर सकते हैं। शनि दान में काला कपड़ा, काली तिल, काला फल, उड़द, तेल, लोहा, कंबल, छाता, श्रीफल, नीलम, छाया पात्र, पान, प्रसादी, नैवद्य, दक्षिणा सहित दान कर शनिदेव का तेल स्नान कर मनवांछित फल पुण्य प्राप्त करें शनि अमावस्या का शुभ संयोग शनिवार को प्राप्त हुआ । कर ले अपने दुखों का निवारण यह दिन शनिदेव को प्रसन्न करने के लिए बहुत अच्छा दिन माना गया ।

# भारत 'ए' और ऑस्ट्रेलिया 'ए' के बीच होने वाली सीरीज खेलना चाहते हैं रोहित

**मुंबई (एजेंसी)** • एकदिवसीय क्रिकेट टीम कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि वह ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले दोनो ही की ए टीमों के बीच होने वाले मुकाबले खेलना चाहते हैं। वहीं इस बात की चर्चाएं हैं कि इस सीरीज के बाद रोहित और विराट कोहली को संन्यास लेना पड़ेगा पर अब जिस प्रकार से रोहित ने भारत ए और ऑस्ट्रेलिया ए के बीच होने वाली सीरीज खेलकर अभ्यास करने का फैसला किया है। उससे लगता नहीं है कि अभी उनका खेल को अलविदा कहने का इरादा है। ऐसे में उनके संन्यास की अटकले लगा रहे लोगों को करारा झटका जरुर लगा है। भारत ए और ऑस्ट्रेलिया ए के बीच होने वाले तीन अनौपचारिक एकदिवसीय मैचों में खेलने के इच्छुक हैं। ये तीन मैच 30 सितंबर से 5 अक्टूबर के बीच कानपुर में खेले जाएँगे। ये मुकाबले भारतीय टीम के ऑस्ट्रेलिया दौरे से ठीक पहले होंगे। भारतीय टीम को इस दौरे में 3 एकदिवसीय और 5 टी20 मैच खेलने हैं। रोहित ने अंतिम बार इस साल की शुरुआत में चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में खेला था। उसके बाद से ही उन्होंने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। रोहित ने अभ्यास भी शुरु कर दिया है। वह मैच फिटनेस के लिए ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ खेलना चाहते हैं जिससे सीरीज में बेहतर प्रदर्शन कर सकें और ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए कमज़ोर न पड़ें। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार चयनकर्ता 2027 में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप के लिए रोहित से आगे देख रहे हैं। वहीं इसमें आगे कहा गया था कि रोहित को एकदिवसीय टीम में जगह बनाने की दौड़ में बने रहने के लिए दिसंबर 2025 में शुरू होने वाली विजय हजारे ट्रॉफी में खेलने के लिए कहा जाएगा।



## आईसीसी ने महिला विश्वकप के लिए मैच स्थल में किया एक बदलाव

**दुबई (एजेंसी)** • अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अगले महीने होने वाले महिला एकदिवसीय विश्व कप के लिए एक बदलाव किया है। आईसीसी ने कहा है कि अब बेंगलुरु में होने वाले मैच मुम्बई में होंगे। आईसीसी ने पांच स्थानों में से एक के रूप में बेंगलुरु को सूची से हटा दिया है। विश्वकप टूर्नामेंट 30 सितंबर से शुरू होगा जिसमें अब नवी मुंबई स्थित डीवाई पाटिल स्टेडियम में तीन लीग मैच, एक सेमीफाइनल खेला जाएगा। पाकिस्तान के बाहर होने पर फाइनल सहित पांच मैच यहां आयोजित किए जाएंगे। आईसीसी के अनुसार बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के उपलब्धि नहीं होने के कारण मैच स्थल को मुम्बई कर दिया गया है। आईसीसी के चेयरमैन जय शाह ने कहा, ' अप्रत्याशित हालातों के कारण हमें कार्यक्रम में से हल्का बदलाव करना पड़ा है। हमें खुशी है कि हमारे पास 5 विश्वस्तरीय स्थान हैं, जहां महिला क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ मैच देखने को मिलेंगे। उन्होंने कहा, 'मंच तैयार है और मुझे विश्वास है कि यह टूर्नामेंट कल्पनाओं को साकार करते हुए प्रशंसकों की नई पीढ़ी को प्रेरित करेगा। आठ टीमों के इस टूर्नामेंट के लिए अन्य मैच स्थलों में गुवाहाटी, इंदौर, विशाखापत्तनम और कोलंबो शामिल हैं। आईसीसी ने हालांकि बेंगलुरु को हटाने के स्पष्ट कारणों के बारे में नहीं बताया है पर पूरी संभावना है कि यह परिवर्तन कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ द्वारा मेजबानी के लिए आवश्यक मंजूरी हासिल करने में असफल होने के कारण किया गया। गौरतब है कि इस साल की शुरुआत में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के आईपीएल जीत की खुशी में हुए जश्न के दौरान मची भगदड़ की जांच के बाद चिन्नास्वामी स्टेडियम को बड़ी प्रतियोगिताओं की मेज़बानी के लिए अयोग्य करार दिया गया था।

## श्रेयस को एकदिवसीय कप्तान बना सकती है बीसीसीआई

**मुंबई (एजेंसी)** • एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल को उप कप्तान बनाने के बाद से ही ये चर्चाएं हैं कि उन्हें आने वाले समय में तीनों ही प्रारुपों की कप्तानी सौंपी पाएगी। वहीं एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार ये सही नहीं है। इस रिपोर्ट के अनुसार बोर्ड आने वाले समय में एकदिवसीय प्रारुप की कप्तानी श्रेयस अय्यर को सौंपना चाहता है। इसका कारण ये है कि अय्यर का प्रदर्शन पिछले कुछ समय से 50 ओवर प्रारुप में शानदार रहा है। उन्होंने इस साल की शुरुआत में चैम्पियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। आईपीएल में वह पंजाब किंग्स की कप्तानी करते हैं और घरेलू क्रिकेट में भी उन्हें कप्तानी का अच्छा अनुभव है। उनके इसी कौशल को देखते हुए बीसीसीआई यह फैसला उन्होंने एकदिवसीय प्रारुप की कमान सौंप सकता है हालांकि चैंपियंस ट्रॉफी में उप-कप्तान शुभमन थे। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा कि देखिए उस समय की परिस्थिति के हिसाब से तब फैसला लिया गया था। इस समय इतना क्रिकेट हो रहा है तो कोई भी खिलाड़ी तीनों प्रारुपों में लगातार कप्तान के तौर पर नहीं खेल सकता है। ऐसे में शुभमन को टेस्ट की कप्तानी दी गई और साथ में टी-20 की उपकप्तानी देकर सबसे छोटे फॉर्मेट के भविष्य के कप्तान के तौर पर उनको देखा जा रहा है।





## सिने जगत

# पॉडकास्ट शो 'ऑल अबाउट हर' की मेजबानी करेंगे सोहा अली

**मुंबई (एजेंसी)** • अभिनेत्री सोहा अली खान अपनी पॉडकास्ट सीरीज 'ऑल अबाउट हर' की मेजबानी करने जा रही हैं। इस पॉडकास्ट शो का प्रीमियर 22 अगस्त से यूट्यूब पर होगा। यह महिला-केंद्रित शो होगा जिसमें महिलाओं से जुड़े मुद्दों और उनकी कहानियों को प्रमुखता दी जाएगी। इस पॉडकास्ट में विभिन्न क्षेत्रों की नामी महिलाएं मेहमान बनकर आएंगी। मलाइका अरोड़ा, करीना कपूर खान, स्मृति ईरानी, राधिका गुप्ता, पत्रलेखा, सनी लियोन जैसी जानी-मानी हस्तियां इसमें शामिल होंगी। वहीं, चिकित्सा और स्वास्थ्य जगत से डॉ. किरण कोएल्हो, डॉ. रंजना धनु और रुजुता दिवेकर जैसी विशेषज्ञ भी इसमें हिस्सा लेंगी। शो में कामकाजी महिलाओं की चुनौतियां, घर और दफ्तर के बीच संतुलन, निवेश और फाइनेंशियल इंडिपेंडेंस के तरीके, मानसिक स्वास्थ्य जैसे अहम विषयों पर खुलकर बातचीत होगी। सोहा अली खान ने इस शो को लेकर अपने अनुभव साझा किए।

# फिल्म 'थामा' का टीजर रिलीज

**मुंबई (एजेंसी)** • मैडॉक फिल्म्स ने अपनी अगली फिल्म 'थामा' का टीजर रिलीज कर दिया गया है। करीब 1 मिनट 49 सेकंड लंबे इस टीजर की शुरुआत घने जंगल के सीन से होती है, जहां आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना रोमांटिक पलों में नजर आते हैं। इसी बीच बैकग्राउंड से आवाज आती है, रह पाओगी मेरे बिना? 100 साल तक? जिस पर रश्मिका जवाब देती हैं, 100 साल तो क्या, एक पल के लिए भी नहीं। इसके बाद कहानी अचानक रोमांस से निकलकर डर और थ्रिल की ओर मुड़ जाती है। टीजर में आयुष्मान खतरनाक ताकतों और जंगली जानवरों से जूझते दिखते हैं, जबकि जंगल में अजीब और डरावनी घटनाएं घटती हैं। कई सीक्वेंस ऐसे हैं जो रोंगटे खड़े कर देते हैं। वहीं, टीजर में मलाइका अरोड़ा के डांस की झलक भी दिखाई गई है। फिल्म की स्टारकास्ट भी काफी दमदार है।




## उज्जैन संभाग

# सुसनेर नगर परिषद में करोड़ों की लागत से हुए विकास कार्य

### नगर परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी राहुल सिसोदिया ने दी जानकारी

**मनीष राठौर**
**सुसनेर • दैनिक इंदौर संकेत**

नगर के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए नगर परिषद द्वारा वर्ष 2022 से 2025 के बीच करोड़ों रुपये की लागत से विभिन्न निर्माण एवं अधोसंरचना विकास कार्य कराए गए हैं। नगर परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी राहुल सिसोदिया ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर के हर वार्ड में सड़क, नाली, नाला एवं सार्वजनिक भवन निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। इन कार्यों के पूर्ण होने से न केवल नागरिकों को मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध होंगी बल्कि नगर की छवि भी निखरेगी।अध्यक्ष सिसोदिया ने बताया कि नगर में विभिन्न स्थलों पर ओवरले कोट (सीसी रोड) निर्माण कार्य 25 लाख की लागत से प्रगतिरत है। इसके अलावा वार्ड क्रमांक 1 से लेकर वार्ड क्रमांक 15 तक अनेक गली-मोहल्लों में सीसी रोड एवं नाली निर्माण के कार्य पूरे हो चुके हैं। कई स्थानों पर नाला निर्माण, सड़क चौड़ीकरण एवं पुलिया कार्य भी कराए गए हैं।उन्होंने कहा कि वार्ड क्रमांक 2 में बद्री दादा से इमली चौराहा तक नाला निर्माण 27 लाख की लागत से पूर्ण हुआ है। वार्ड क्रमांक 3 में कालेश्वर मंदिर से सगीर भाई के घर तक 32 लाख की लागत से सीसी रोड एवं नाली का कार्य पूरा हो चुका है। इसी तरह वार्ड 6, 7, 8, 9, 10, 11, 12 और 13 में भी क्रमशः लाखों रुपये की लागत से विकास कार्य पूरे किए गए हैं। नगर परिषद अध्यक्ष ने बताया कि वार्ड 15 में हवेली मोहल्ले का सीसी रोड एवं नाली निर्माण 33 लाख की लागत से प्रगतिरत ह वहीं वार्ड 14 में इतवारिया बाजार से नरबदिया दीवान गली तक सड़क निर्माण 18.15 लाख की लागत से चल रहा है। इसी कड़ी में कायाकल्प अभियान अंतर्गत साईं तिराहा से पाँच पुलिया तक सड़क चौड़ीकरण और सीसी रोड निर्माण 50 लाख की लागत से पूरा हो चुका है। वहीं, कायाकल्प अभियान 2.0 अंतर्गत डाक बंगला से विधायक कार्यालय तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य 50 लाख की लागत से प्रगतिरत है। नगर परिषद अध्यक्ष ने बताया कि मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना (चतुर्थ चरण) के तहत नगर परिषद कार्यालय भवन का निर्माण 1.50 करोड़ रुपये की लागत से कराया जा रहा है। इसके साथ ही अमृत 2.0 योजना अंतर्गत जलसंरचना के जीर्णोद्धार एवं पार्क निर्माण के कार्य भी 18.91 लाख की लागत से पूर्ण तथा 40.65 लाख की लागत से प्रगतिरत हैं। उन्होंने कहा कि नगर के नागरिकों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना परिषद की पहली प्राथमिकता है। हर गली-मोहल्ले में बराबर विकास पहुँचे, इसी सोच के साथ योजनाबद्ध ढंग से कार्य किए जा रहे हैं। परिषद द्वारा अब तक कराए गए कार्यों की कुल लागत 20 करोड़ रुपये से अधिक है। अध्यक्ष सिसोदिया ने विश्वास जताया कि आगामी समय में भी नगर में अधोसंरचना, स्वच्छता और सौंदर्यीकरण से जुड़े अनेक कार्य किए जाएंगे जिससे सुसनेर नगर का स्वरूप और आधुनिक बनेगा।



**उज्जैन** • जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल नगर निगम सभापति श्रीमती कलावती यादव विधायक सतीश मालवीय ने सेवर खेड़ी में बन रहे डैम का निरीक्षण किया और कल्याण पूरा ग्राम के निवासियों का धन्यवाद दिया कि उन्होंने इस परियोजना के लिए अपनी भूमि भी उपलब्ध कराई है ।जल संसाधन मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने निर्देश दिए है कि इस परियोजना में भूमि के मुआवजा राशि के लिए जल्दी कार्रवाई शुरू हो जाएगी।



## मूर्ति निर्माण में परंपरागत मिट्टी का ही उपयोग अनिवार्य-कलेक्टर सिंह

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**उज्जैन** • कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने जिले में मूर्ति निर्माण एवं विसर्जन से होने वाले प्रदूषण की रोकथाम हेतु भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 16.3 के तहत् जन सामान्य के स्वास्थ के हित एवं लोक शांति बनाए रखने के लिए उज्जैन जिले की राजस्व सीमा के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। आदेश अनुसार मूर्तियों के निर्माण में केवल परंपरागत मिट्टी व प्राकृतिक सामग्रियों का ही उपयोग किया जाएगा।



पीओपी, पकी मिट्टी, रसायन या किसी भी प्रकार के विषैले रंगों का प्रयोग मूर्ति निर्माण और रंगाई में पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। केवल प्राकृतिक व गैर-विषाक्त रंगों से ही मूर्तियों को सजाया जा सकेगा। साथ ही, जिले में पीओपी व रासायनिक पदार्थों से बनी प्रतिमाओं का उत्पादन, विक्रय, लाना-ले जाना पूरी तरह वर्जित होगा। आदेश उल्लंघन पाए जाने पर स्थानीय निकाय प्रतिमाओं को जब्त कर नगरीय ठोस अपशिष्ट नियम-2000 के अंतर्गत निपटान करेगा। मूर्ति विसर्जन के दौरान पूजन सामग्री (फल-फूल, वस्त्र, प्लास्टिक, कागज आदि) अलग एकत्र कर उसका वैज्ञानिक निपटान किया जाएगा। विसर्जन के 24 घंटे के भीतर मूर्ति से संबंधित अवशेष (बांस, रस्सी, मिट्टी आदि) भी नगर निगम द्वारा साफ कर निपटाए जाएंगे। आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# 90 लीटर अवैध शराब और वाहन जब्त - आबकारी विभाग की बड़ी कार्यवाही



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**उज्जैन** • कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के निर्देशानुसार आबकारी विभाग द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत शुक्रवार को बड़ी सफलता मिली। प्रभारी सहायक आबकारी आयुक्त श्रीमती निधि जैन ने बताया कि कार्रवाई के दौरान एक हुंडई आई-10 कार से 90 लीटर अवैध मदिरा जब्त की गई।

ग्राम हरियाखेड़ी (थाना नागझिरी) में दबिश देकर आरोपी रोहित चौधरी और चेतन खाती (निवासी इंदौर) को पकड़ा गया। कार से 10 गत्ते की पेटियों में भरी 500 पाव देशी प्लेन शराब (कुल 90 बल्क लीटर) बरामद हुई। वाहन सहित जब्ती की यह कार्रवाई आबकारी उपनिरीक्षक प्रतीक गुप्ता के नेतृत्व में विधिवत वीडियोग्राफी के साथ की गई। आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के तहत मामला दर्ज कर आगे की विवेचना जारी है। इस अभियान में आबकारी उपनिरीक्षक हिमांशु अग्रवाल सहित टीम के आरक्षक महेश कछवाए, महेश माली, रोहित लोहारिया, सुनील अमृतिया, शिवानी और निशा का विशेष योगदान रहा। गौरतलब है कि वर्ष 2025-26 में नगर निगम सीमा क्षेत्र की 17 शराब दुकानें बंद होने के बाद से ही आबकारी विभाग वाहनों की कड़ी निगरानी कर रहा है।

## पर्युषण पर्वाधिराज के तृतीय दिवस पर प्रभु महावीर के पूर्वभवों की अमृतमयी कथा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**उज्जैन** • श्री अवंति पार्श्वनाथ जैन तीर्थ में पर्युषण पर्वाधिराज के तृतीय दिवस पर आकर्षक अंगरचना के बीच साध्वी डॉ. नीलांजना श्रीजी ने कल्पसूत्र प्रारंभ कर प्रभु महावीर के 27 पूर्वभवों का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि महावीर का जीवन विकास की यात्रा है, जिसकी मधुर कथा सुनकर आत्मा आलोकित हो जाती है। सम्यक्त्व प्राप्त करना ही अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ना है।साध्वी श्रीजी ने भक्तों को प्रेरित करते हुए कहा कि महावीर के पूर्वभव हमें पुरुषार्थ, आदर्श और आत्मबल के पथ पर अग्रसर होने की दिशा देते हैं। उनकी आत्मा ने अनेक जन्मों की साधना कर अंततः महावीर रूप में अवतार लिया। समाज अध्यक्ष अशोक कोठारी ने बताया कि रविवार, 24 अगस्त को शांतिनाथ उपाश्रय में भगवान महावीर स्वामी का जन्म वाचन समाजजन की उपस्थिति में बड़ी धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया जाएगा।



# 7 माह पहले ही बदल गए थे चंदन नगर की गलियों के नाम

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** • इंदौर में नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की विधानसभा इंदौर एक में गलियों के नाम बदलने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। मंत्री पुत्र और पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय ने इस मामले में मोर्चा खोला है। वहीं महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने भी आनन-फानन में कार्रवाई करते हुए बोर्ड हटवा दिए। लेकिन कुल मिलाकर इसमें नगर निगम ही देरी से जागा है। पहले ही कार्रवाई हो जाती, लेकिन तब दबाव में इसे रोक दिया गया था।

## जनवरी में लग गए थे ये बोर्ड

यह बोर्ड अभी नहीं लगे हैं। इन्हें जनवरी में ही ठेकेदार संजय शर्मा से बोलकर क्षेत्रीय पार्षद फातमा रफीक खान ने यह नाम बदलवा दिए थे और बोर्ड लगवाए थे। इसकी शिकायत फिर जनवरी अंत में नगर निगम को हुई थी। टीम को मौके पर भेजकर कई बोर्ड हटवाए थे। लेकिन इसी दौरान पार्षद पति रफीक खान ने भीड़ लेकर विवाद किया। बोर्ड हटवाने की कार्रवाई यह कहकर रूकवा दी कि इसे वह निगम से प्रस्ताव पास करा लेंगे, अभी मत हटाओ। भीड़ अधिक होने और विवाद की स्थिति होने पर निगम की टीम लौट गई। इसके बाद यह कार्रवाई फिर हुई ही नहीं।

## तब दबाव में रोकी थी हटाने की कार्रवाई



## पार्षद ने बोर्ड लगवाने पत्र भी लिखा था

क्षेत्रीय पार्षद ने इस संबंध में 13 जून 2024 में नगर निगम को पत्र लिखा था। फातमा रफीक खान ने इसमें लिखा था कि- वार्ड दो के तहत सभी कॉलोनियों में कहीं भी मार्ग साइनजेशन के बोर्ड नहीं लगे होने से रहवासियों को समस्या आती है। इसलिए इस संबंध में ट्रैफिक विभाग को निर्देशित करते हुए कार्रवाई की जाए। इस मामले में पार्षद पति रफीक खान ने सफाई देते हुए मामला निगम के माथे कर दिया। उन्होंने कहा कि यह नाम पहले से ही है, नया नामकरण नहीं किया है। यह बोर्ड नगर निगम ने ही लगाए हैं और इसमें किसी को आपत्ति नहीं होना चाहिए।

## ठेकेदार को बोर्ड लगाने के अधिकार ही नहीं थे

इस मामले में नियम साफ है कि नाम बदलने या रखने के लिए प्रस्ताव आता है, जो नामकरण समिति के पास जाता है और फिर यहां से पास होने के बाद इसे एमआईसी में लाया जाता है। फिर मंजूरी के बाद पारित संकल्प की जानकारी देकर संबंधित ठेकेदार को पत्र दिया जाता है। इस पत्र के आधार पर ही ठेकेदार यह बोर्ड लगाता है। लेकिन इस मामले में ठेकेदार संजय शर्मा ने बिना किसी पत्र और आदेश के ही यह बोर्ड लगवा दिए।

## यह है बोर्ड विवाद का पूरा मामला

विधानसभा क्षेत्र क्र.1 के वार्ड 2 चंदन नगर में गलियों के नाम बदलने का मामला गुरूवार को सामने आया। आरोप लगे कि क्षेत्रीय पार्षद ने मनमानी करते हुए यहां पर सकीना मंजिल रोड, गौसिया रोड, ख्वाजा रोड, हुसैनी रोड, रजा गेट नाम बोर्ड लगाए। इस पर मंत्री पुत्र आकाश विजयवर्गीय ने नगर निगम कमिश्नर को पत्र लिखा कि- संज्ञान में आया है कि, चन्दन नगर की कुछ गलियों के नाम बदलकर धर्म विशेष कर दिए गए हैं। निवेदन है कि परिवर्तित नाम के बोर्ड तुरंत हटाकर पुराने नाम के बोर्ड लगाए जाएं। नाम परिवर्तन में जिन भी अधिकारियों की मिलीभगत है उन पर सख्त से सख्त दंडात्मक कार्रवाई हो। जिससे भविष्य में कोई भी ऐसा कृत्य दोहराने की हिम्मत न करे। हम इस कृत्य को बेहद गंभीरता से ले रहे हैं। यदि उपरोक्त कार्रवाई जल्द से जल्द नहीं की जाती है तो हम इसके खिलाफ उग्र आंदोलन करेंगे। जिसके जिम्मेदार आप होंगे।

## महापौर ने टीम पहुंचा दी

यह मामला महापौर पुष्यमित्र भार्गव और निगमायुक्त शिवम वर्मा की जानकारी में आते ही तत्काल मौके पर टीम पहुंचा दी गई और बोर्ड हटवाने का कार्यवाही की गई। महापौर ने कहा कि एमआईसी की बिना अनुमति के चंदन नगर क्षेत्र में स्थानीय पार्षद फातमा रफीक खान के द्वारा लगाए गए अवैध रूप से बोर्ड असंवैधानिक है। इस प्रकार के असंवैधानिक प्रक्रिया को करने वाले पार्षद पर एफआईआर करने के निर्देश दिए हैं। हम उस पार्षद के खिलाफ निंदा प्रस्ताव भी लाएंगे। साथ ही लगाए गए सभी अवैध बोर्ड को हटाने के निर्देश भी दिए गए थे।

## मंत्री पुत्र यह बोले-

उधर चंदननगर एरिया में गलियों के नाम बदलने के विवाद पर मंत्री पुत्र और पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय ने कहा कि इसमें निगम अधिकारियों की भी मिलीभगत है, मैंने निगमायुक्त से उन्हें चिन्हित कर कार्रवाई की मांग की है। भविष्य में ऐसी घटना नहीं हो इसके लिए उन पर कार्रवाई जरूरी है। सीएम और नगरीय प्रशासन मंत्री को भी इसमें कार्रवाई की मांग के लिए पत्र लिखा है।

# अब प्रदेश में भी लगे वोट चोरी के आरोप

## विधानसभा चुनाव के साथ ही महापौर चुनाव में भी वोटों का फर्जीवाड़ा हुआ

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** • इंदौर की दो विधानसभा सीटें देपालपुर और इंदौर 5 में वोट चोरी के आरोप लगा चुके नेता प्रतिपक्ष विधानसभा उमंग सिंघार के बाद अब पूर्व मंत्री सज्जन वर्मा ने इंदौर की विधानसभा चुनाव के साथ ही महापौर चुनाव में भी वोट चोरी के आरोप लगाया है।

सज्जन वर्मा ने आरोप लगाया कि मध्यप्रदेश में भाजपा, राज्य निर्वाचन आयोग और केंद्रीय चुनाव आयोग की मिलीभगत से मतदाता सूचियों में भारी फर्जीवाड़ा हुआ है। इसका ठोस प्रमाण इंदौर से सामने आया है, जहां आधिकारिक जांच और न्यायालय में प्रस्तुत दस्तावेजों के अनुसार 2,59,054 फर्जी मतदाताओं के नाम मतदाता सूची मे सामने आए थे।

कांग्रेस नेता ने कहा कि इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर व सागर नगर निगम चुनावों में भी कांग्रेस ने



हजारों मृतकों व फर्जी नाम जोड़े जाने की शिकायतें दीं, लेकिन आयोग ने कोई कार्रवाई नहीं की। विधानसभा चुनाव 2023 में यही खेल बड़े पैमाने पर दोहराया गया। पूरे प्रदेश में प्रतिदिन औसतन 26 हजार वोटर नए जोड़े गए, जिनमें करीब 16 लाख नाम फर्जी पाए गए।

वर्मा ने कहा कि चुनाव आयोग लोकसभा प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी से हलफनामा मांगता है उनकी कथनी और करनी में ही अंतर है। आयोग बीजेपी का हथियार बनकर रह गया है। इस मामले में कांग्रेस के पूर्व पार्षद दिलीप कौशल और रवि गुरनानी ने कोर्ट में दस्तावेज पेश कर कहा था कि इंदौर में 2,59,054 फर्जी वोटर के नाम मतदाता सूची मे थे।

## 48,478 डुप्लीकेट नाम हटाए गए

सज्जन सिंह वर्मा ने कहा कि जब एक ही शहर (इंदौर) में 2 लाख 59 हजार फर्जी वोट पाए गए, तो पूरे राज्य में कितने करोड़ों फर्जी वोट सूचीबद्ध होंगे। केंद्र सरकार की One Nation One Ration Card योजना के अंतर्गत इंदौर जिले के तत्कालीन कलेक्टर मनीष सिंह द्वारा 31 जुलाई 2020 को कराई गई जांच में 13,502 परिवार गैर-निवासरत पाए गए।

कांग्रेस की निजी जांच में आया था कि अधिकांश परिवारों के नाम मतदाता सूची में मौजूद थे। इसे लेकर आयोग में शिकायत भी कराई।

## नाम हटाने के बाद भी कैसे बढ़े मतदाता

पूर्व मंत्री ने यह भी कहा कि मतदाता सूचियों में गड़बड़ी का एक और उदाहरण है कि साल 2022 की मतदाता सूची के प्रारूप में 17.25 लाख थे जिसमे फर्जी मतदाताओं के नाम पर आपत्ति के बाद भी अंतिम मतदाता सूची में वोटर्स की संख्या बढ़कर 18 लाख 35 हजार हो गई।

साल 2023 की मतदाता सूची की समीक्षा के दौरान आयोग ने फिर 1,36,552 नाम हटाए जाने की रिपोर्ट पेश की। यानी हर वर्ष बार-बार लाखों नाम हटाए जा रहे हैं, फिर भी अंतिम सूची में वोटर्स की संख्या रहस्यमय तरीके से बढ़ रही है।

# नहीं बचेंगे ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले, अब ड्रोन से कटेगा चालान

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** • अब ट्रैफिक रूल तोड़ने वालों की खैर नहीं है। इंदौर पुलिस के द्वारा ट्रैफिक रुल तोड़ने वालों को सबक सिखाने के लिए बड़ा प्लान बनाया गया है। इंदौर के साथ पूरे मध्य प्रदेश में ट्रैफिक रुल तोड़ने वालों पर अब ड्रोन के माध्यम से नजर रखा जाएगा और ट्रैफिक रूल तोड़ते ही ड्रोन से धड़ाधड़ चालान कटेगा।

## जल्द लागू होगा नया नियम

इंदौर पुलिस ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर काफी ज्यादा सजग है। पुलिस के द्वारा लोगों को ट्रैफिक नियमों के बारे में जागरूक किया जा रहा है और सीसीटीवी के माध्यम से भी गाड़ी चालकों पर नजर रखा जा रहा है। देश में पहली बार इंदौर में ट्रैफिक पुलिस ड्रोन के माध्यम से ट्रैफिक नियम



तोड़ने वालों पर नजर रख रही है और उनके खिलाफ चालान की कार्रवाई भी की जा रही है।

## अब पुलिस को नहीं दे पाएंगे चकमा

मध्य प्रदेश में अब पुलिस पुलिस को चकमा देना आसान नहीं होगा। इंदौर के साथ ही जल्द पूरे राज्य में ट्रिपलिंग,बिना नंबर प्लेट, सिंगल पर रेड लाइट तोड़ने वालों पर ड्रोन के माध्यम से नजर रखा जा रहा है। अगर कोई पुलिस को चकमा देने की कोशिश करेगा तो वह तुरंत ड्रोन के नजर में आ जाएगा और पुलिस उसपर कार्रवाई करेंगी ।सिर्फ इंदौर ही नहीं बल्कि पूरे मध्य प्रदेश में इस नियम को अंत लागू किया जाएगा ताकि ट्रैफिक नियमों का कोई भी मजाक ना बन सके। ड्रोन से सभी गाड़ियों पर नजर रखा जाएगा और अगर कोई व्यक्ति ट्रैफिक नियम तोड़ता है तो उसे जेल हो जाएगी। मध्य प्रदेश के मोहन सरकार के द्वारा इस नियम को लागू करने का आदेश जारी किया गया है। यह नियम पहले भी देश के कई राज्यों में लागू किया जा चुका है और वहां सफल रूप से यह कार्य भी कर रहा है।

# बिजली महकमे में एक हजार से अधिक युवाओं को मिलेगा नियुक्ति पत्र

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** • शासन के संकल्प पत्र के अनुसार विभागों में नियुक्तियां की जा रही है। मप्र शासन ऊर्जा विभाग अंतर्गत भी विभिन्न बिजली कंपनियों में परीक्षा आधार पर चयनित करीब 1050 युवाओं को नियुक्ति पत्र 26 अगस्त को भोपाल के रवींद्र भवन मे प्रदान किए जाएंगे। इस दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। प्रदेश के ऊर्जामंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर भी इस दौरान विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। इस दौरान बिजली कंपनी की संगठनात्मक संरचना मंजूर करने पर मुख्यमंत्री का आभार प्रदर्शन भी किया जाएगा। मप्र ऊर्जा विभाग ने संकल्प पत्र के आधार



पर विभिन्न पदों पर एमपी ऑन लाइन के माध्यम से परीक्षा लेकर द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ श्रेणी आधार पर विभिन्न पदों पर भर्ती की हैं। इनमें से चयनित करीब 1050 पदों पर भर्ती के लिए सफल उम्मीद्वारों को नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे। ऊर्जा विभाग द्वारा भर्ती प्रक्रिया की नोडल कंपनी मप्रपक्षेविविकं इंदौर के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने बताया कि इन पदों में बिजली इंजीनियर, सिविल इंजीनियर, लेखाधिकारी, सूचना प्रौद्योगिकी प्रबंधक, सहायक विधि अधिकारी , लाइन अटैंडेंट, सिक्योरिटी आफिसर, पावर प्लांट फार्मासिस्ट, केमिस्ट, एएनएम, ट्रेसर, स्टाफ नर्स, लेब टेक्निशियन, रेडियोग्राफर, इसीजी टेक्निशियन, पब्लिसिटी ऑफिसर, मेडिकल ऑफिसर आदि पद शामिल हैं। भोपाल में होने वाले इस राज्य स्तरीय समारोह में नियुक्ति पत्र पाने वाले युवाओं के परिजनों को भी आमंत्रित किया गया हैं। इस अवसर पर प्रदेश की विभिन्न बिजली कंपनियों की उपलब्धियों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। साथ ही विद्युत कर्मचारी संगठनों को भी आमंत्रित कर कर्मचारी हितों और उपभोक्ता सेवाओं को लेकर चर्चा की जाएगी।

# महापौर भाजपा की सांप्रदायिक राजनीति के मोहरे-चौरसिया

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** • मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता अमित चौरसिया ने कहा कि भाजपा की नगर निगम परिषद और महापौर पुष्यमित्र भार्गव सत्ता के संरक्षण में शहर का माहौल बिगाड़ने का षड्यंत्र रच रहे हैं। महापौर महोदय जनता की सुविधा और विकास कार्यों पर ध्यान देने के बजाय भाजपा की साम्प्रदायिक राजनीति के मोहरे बने बैठे हैं।

चौरसिया ने बताया कि पार्षद रफीक खान ने वर्ष 2024 में निगम आयुक्त हर्षिका सिंह को केवल नागरिक सुविधा की दृष्टि से मार्ग संकेतक लगाने का पत्र लिखा था। पत्र में कहीं भी मार्ग का नाम बदलने की बात नहीं थी। इसके बावजूद महापौर पुष्यमित्र भार्गव, निगम अधिकारी नरेंद्र नाथ पांडे और देवलासे मिलकर इस मामले को साम्प्रदायिक रंग देने का प्रयास कर रहे हैं। क्षेत्रीय पार्षद रफीक खान ने अपना पक्ष रखते हुए कहा की वह अभी गुजरात मे पारिवारिक कार्य पर गए है उन्हें सोशल मिडिया पर जानकरी लगी जिस पर उन्होंने कहा कि चंदन नगर क्षेत्र में निगम अधिकारियों द्वारा लगाए गए मार्ग संकेतकों पर पुराने और प्रचलित नामों के स्थान पर ही दर्शाया गया है। चंदन नगर जब से बसा है, तब से जिन नामों से यह क्षेत्र और इसकी गलियाँ जानी जाती हैं, वे स्थानीय जनता की पहचान और इतिहास का हिस्सा हैं। इन्हीं नामों से यह इलाका जाना-पहचाना जाता है। ऐसे में इन्हे बदला नहीं गया है, जो आरोप लगाए जा रहे है वह अनुचित और बेबुनियाद है बल्कि सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश भी है। उक्त मार्ग संकेतक इंदौर नगर निगम के अधिकारियो द्वारा लगाए गए है इसमें मेरा किसी भी प्रकार का कोई दखल नहीं है क्षेत्रीय जनता की सोहलियत के लिए मार्ग संकेतक लगाए जाने को लेकर मेरे द्वारा वर्ष 2024 मे मांग की गई थी।

जिसके बाद निगम द्वारा उक्त संकेतक लगाए गए। इस पुरे विषय मे महापौर पुष्यमित्र भार्गव को भ्रमित किया जा रहा है। मेरा उनसे आग्रह है की वह खुद चंदन नगर जाकर तफ्तीश कर सकते है की लगाए गए संकेतको पर जो नाम लिखें थे वह चंदन नगर जब से बसा है तब से उनका वही नाम है इसमें किसी भी तरह का का कोई बदलाव नहीं किया गया है।

प्रदेश प्रवक्ता ने सवाल उठाया कि जब दोनों अधिकारी दोषी हैं तो इनके खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही? क्या महापौर इन अधिकारियों को ढाल बनाकर भाजपा की राजनीति चला रहे हैं? यह साफ है कि सत्ता धारी दल ही शहर के सौहार्द को तोड़ने और साम्प्रदायिक उन्माद फैलाने की साजिश कर रहा है।

उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार और महापौर 25 वर्षों में चंदन नगर कॉलोनी को वैध नहीं करा पाए। न तो कॉलोनी की रजिस्ट्री हो रही है और न ही गजट में नाम सम्मिलित है, लेकिन नगर निगम टैक्स पूरे तरीके से वसूला जा रहा है। असल काम करने में असफल भाजपा केवल नाम बदलने और मजहबी राजनीति करके इंदौर की गंगा-जमुनी तहज़ीब को चोट पहुंचा रही है। कांग्रेस पार्षद रफीक खान के साथ है और यह मांग करती है कि नगर निगम उपायुक्त नरेंद्र नाथ पांडे और देवलासे पर तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए। भाजपा और महापौर पुष्यमित्र भार्गव की घिनौनी राजनीति को कांग्रेस जनता के सामने बेनकाब करती रहेगी।

# मुबंई-दिल्ली एक्सप्रेस-वे पर उद्योग स्थापित करने के लिए प्रक्रिया होगी तेज

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** • इंदौर संभागायुक्त दीपक सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्टर्स कॉन्फ्रेंस आयोजित हुई। 15 विभागों से जुड़े 20 से अधिक बिंदुओं पर आयोजित हुई कॉन्फ्रेंस दो चरणों में सम्पन्न हुई। द्वितीय चरण में संभागायुक्त सिंह ने रेलवे, उद्योग, नेशनल हाइवे और सिंहस्थ से जुड़े विषयों पर गहन समीक्षा की । एमपीआईडीसी के कार्यकारी निदेशक हिमांशु प्रजापति ने जानकारी देते हुए बताया कि इंदौर जिले में उद्योग स्थापित करने के लिए 583.943 हेक्टेयर भूमि की मांग की गई है। इसके अलावा धार जिले में नया औद्योगिक क्षेत्र स्थापित किये जाने की प्रक्रिया की गई है। इस संबंध में संभागायुक्त सिंह ने झाबुआ कलेक्टर श्रीमती नेहा मीणा को मुंबई-दिल्ली एक्सप्रेस-वे पर झाबुआ, थांदला, पेटलावद और मेघनगर में 500 से 600 हेक्टर भूमि उद्योग के लिए चिन्हित करने के निर्देश दिए है। जहां से व्यवस्थित रूप से उद्योगों को सुलभता हो सकें। इंदौर के आसपास नेशनल हाइवे द्वारा निर्माणाधीन हाइवे सड़कों की समीक्षा करते हुए सभी की अपडेट जानकारी सहित कार्य पूर्णता के बारे में विस्तार से चर्चा हुई। इस संबंध में नेशनल हाइवे पीआईयू के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा बताया गया कि मोरटक्का में नर्मदा नदी पर बन रहे पूल का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसे अक्टूबर तक प्रारम्भ करने की दृष्टि से कार्य किया जा रहा है। बैठक में संभाग के सभी कलेक्टर्स सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहें। वहीं उपायुक्त श्रीमती सपना लौवंशी, संयुक्त विकास आयुक्त डी.एस. रणदा, संयुक्त संचालक



स्वास्थ्य श्रीमती पूर्णिमा गड़रिया उपस्थित रही।

**धार जिले के लालबाग में स्थापित होगा नया औद्योगिक क्षेत्र**- मध्यप्रदेश उद्योग विभाग द्वारा धार जिले के लालबाग क्षेत्र में नया औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने की योजना बनाई है। इसकी प्रक्रिया विभाग द्वारा प्रारम्भ की गई। इस तरह विभाग ने धार जिले में उद्योगों के लिए 549.816 हेक्टेयर, खरगोन में 120.443 हेक्टेयर और झाबुआ में 1037.19 हेक्टेयर भूमि विभिन्न गांव में आवंटन के लिए प्रक्रिया प्रारम्भ की है।

**दाहोद-इंदौर रेल लाइन में पीथमपुर में बनेगा स्टेशन**-कॉन्फ्रेंस के दौरान रेलवे के अधिकारी द्वारा दाहोद-इंदौर रेलवे लाइन के कार्य के संबंध में बताया कि पीथमपुर में रेलवे स्टेशन का विकास किया जाना है। इसके लिए पीथमपुर में 4.194 हेक्टर और अकोलिया में 5.137 हेक्टर अतिरिक्त भूमि मांगी गई है। इसी तरह रेलवे द्वारा मनावर, सरदारपुर और झाबुआ के विभिन्न खसरा नम्बर में भी भूमि आवंटन की प्रक्रिया के सम्बंध में जानकारी दी गई। प्रस्तावित रेलवे लाइन दाहोद से कटवारा, पिटोल,फतेहपुर, राजगढ़, सरदारपुर, धार,पीथमपुर होकर इंदौर पहुँचना है।

- दाहोद-इंदौर व रतलाम-खंडवा रेलवे निर्माण के लिए भूमि आवंटन की प्रक्रिया जोरो पर
- अक्टूबर तक नर्मदा नदी पर बन रहें पूल से आवागमन प्रारम्भ करने पर नेशनल हाइवे की तैयारी
- इंदौर संभागायुक्त सिंह ने कलेक्टर्स कॉन्फ्रेंस में निर्माण कार्यों पर की गहन समीक्षा

**इंदौर के पूर्व और पश्चिम में बायपास पर भी विस्तार से हुई चर्चा**- बैठक के दौरान नेशनल हाइवे द्वारा इंदौर के पूर्व व पश्चिम में बायपास निर्माण के संबंध में प्रोजेक्ट की जानकारी रखी। इंदौर से पश्चिम में प्रस्तावित बायपास 64 किमी का होगा, जो इंदौर और धार के विभिन्न गांवों में बनेगा। इसका इंदौर में अधिकांश हिस्सा 55 किमी.और धार में 8 किमी है।, जो नेट्रेक्स से स्टार्ट होगा। इसमें 634.031 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण की जानी है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं प्रबंध संपादक : **अक्षय तिवारी**, द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरूद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**।
न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा। इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किये गये है अत: इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक, सांध्य दैनिक इंदौर संकेत। फोन नं. 731-3530700